इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -101 | राजनांदगांव, रविवार 25 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

## पीएम नरेंद्र मोदी ने 34 हजार 427 करोड़ की 10 परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण, सीएम विष्णुदेव साय रहे मौजूद



रायपुर (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ संकल्प यात्रा' के तहत छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित इंडोर स्टेडियम में आज शनिवार को बटन दबाकर 34 हजार 427 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके तहत भिलाई के जंजगिरी में रेलवे के 50 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट को राष्ट्र के नाम समर्पित किया। इस मौके पर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय, स्कूल शिक्षा बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम आदि मौजूद रहे।

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कहा कि आज हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आपके बीच आये हैं। गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति के सशक्तिकरण से विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा। यह आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से बनेगा। हम छत्तीसगढ़ को सौर ऊर्जा का बड़ा हब बनाना चाहते हैं। आज राजनांदगांव और भिलाई में बहुत बड़े सोलर प्लांट्स का लोकार्पण किया गया है। इसमें ऐसी व्यवस्था है जिससे रात में आसपास के लोगों को बिजली मिल सकेगी। भारत सरकार का लक्ष्य सोलर पॉवर से देश के लोगों को बिजली देने के साथ ही साथ ही उनका बिजली बिल जीरो करने का भी है। हर घर को सूर्यघर बनाएंगे।। हर परिवार को घर में बिजली बनाकर, वहीं बिजली बेचकर आय का एक और साधन देंगे। इसी उद्देश्य के साथ हमने पीएम सूर्योदय योजना शुरू की है। अभी यह योजना एक करोड़ परिवारों के लिए है। इसमें सरकार घर के छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेगी। इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी और ज्यादा बिजली पैदा होगी तो सरकार बिजली खरीदेगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रुपए की कमाई होगी।

### पीएम मोदी ने किया इन परियोजनाओं को लॉन्च

प्रधानमंत्री कोयला मंत्रालय अंतर्गत रायगढ़ क्षेत्र में 173.46 करोड़ रुपए की ओपन कास्ट प्रोजेक्ट छाल कोल हेंडलिंग प्लांट, दीपका क्षेत्र में 211.22 करोड़ रूपए की लागत की ओपन कास्ट प्रोजेक्ट दीपका कोल हेंडलिंग प्लांट, रायगढ क्षेत्र में 216.53 करोड रुपए की लागत के ओपन कास्ट प्रोजेक्ट बरौद कोल हेंडलिंग प्लांट का लोकार्पण, इन तीनों ओपन कास्ट प्रोजेक्ट से रेपिड लोडिंग सिस्टम के माध्यम से लोडिंग टाइम में कमी आएगी और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम होगा। प्रधानमंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत 907 करोड रूपए की लागत से राजनांदगांव जिले के 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत 1007 करोड रुपए की 2 प्रोजेक्ट अंबिकापुर से शिवनगर तक 52.40 किलोमीटर लंबाई की सड़क और बनारी से मसनियाकला तक 55.65 किलोमीटर लंबी सड़क (राष्ट्रीय राजमार्ग-49) का लोकार्पण किया। अंबिकापुर-शिवनगर सड़क मार्ग से रायपुर राजधानी और कोरबा ओद्योगिक क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। इसी तरह बनारी-मसनियाकला सड़क मार्ग से बिलासपुर से रायगढ़/उड़ीसा बॉर्डर तक आवागमन में समय और इंधन की बचत होगी और क्षेत्र के गांवों का सामाजिक आर्थिक विकास होगा।

ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत 15,799 करोड़ रूपए के 1 प्रोजेक्ट लारा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट स्टेज-1 (2×800 एमडब्ल्यू) का लोकार्पण किया। यह परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य के रायगढ़ जिले में स्थित है। यह प्रोजेक्ट सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित है। रेल मंत्रालय अंतर्गत 583 करोड़ रूपए के 2 प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया, जिसमें 280 करोड़ रूपए की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिरी, 23 मरे, सात घायल



कासगंज। उत्तर प्रदेश में कासगंज जिले के पटियाली क्षेत्र में शनिवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट कर तालाब में गिरने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गये। मृतकों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा आज सुबह उस समय हुआ जब एटा जिले के जैथरा क्षेत्र में कसा गांव निवासी गौरव के पुत्र सिद्धू (डेढ़ वर्ष) का मुंडन कराने ग्रामीण निवासी ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर कादरगंज गंगा घाट जा रहे थे कि श्रद्धालुओं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली पलट कर तालाब में गिर गयी। हादसे की खबर मिलते ही पटियाली के एसडीएम और सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरु किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुये मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के इलाज के निर्देश दिये। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष से मृतक आश्रितों को दो दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया। इसी तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया 'हृदयविदारक! उत्तर प्रदेश के कासगंज में ट्रैक्टर ट्रॉली के तालाब में गिरने से हुआ हादसा दुख से भर देने वाला है। इसमें जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना क रता हूं। राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।' कासगंज के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। तालाब का पानी पूरी तरह निकाला जा चुका है और अब हादसे में किसी के फंसे होने की कोई संभावना नहीं है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में अधिकतर एटा जिले के जैथरा क्षेत्र के निवासी हैं जिनकी पहचान शकुंतला देवी (70), उसामा (24), मीरा (65), सपना (22), पुष्पा (45), शिवम (30), देवान्ली (6), दीक्षा (19), गायत्री (52),श्याम लता (40) सुनैना (10), गुड्डी (75), सिद्धु (डेढ़ वर्ष), कुलदीप (7), संध्या (5), शिवानी (25) मीरा (55), कार्तिक (4), (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा मुख्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक, जल्द आ सकती है उम्मीदवारों की पहली लिस्ट



नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें कई राज्यों के प्रभारी भी शामिल हुए। उन्होंने बैठक में चुनावी अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की।

### बूथ स्तर पर मतदाताओं से जुड़ने के लिए अभियान चलाने पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह लक्ष्य रखा कि भाजपा अकेले 370 सीटें जीतकर आएगी। जेपी नड्डा ने राज्यों के प्रभारियों से कहा कि हमें अभियान चलाकर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ जुड़ना है। बूथ स्तर पर मतदाताओं के साथ संपर्क साधना है।

### जेपी नड्डा ने योगी आदित्यनाथ संग की बैठक

नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की भाजपा प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ अलग बैठक कर चुनावों को लेकर गंभीर चर्चा की। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का जोर उत्तर प्रदेश में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राजिम कुंभ मेले का शुभारंभ, माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, पहुचे विदेशी पर्यटक



रायपुर (दावा)। पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाने वाले राजिम कुंभ मेले की शुरुआत हो चुकी है, प्रशासन की ओर से राजिम मेले को लेकर काफी दिनों पहले से तैयारियां की जा रही थी। शनिवार से शुरू हुए राजिम कुंभ मेले में हजारों की तादाद में लोगो की भीड़ उमड़ रही है। मेले के पहले ही दिन छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के लोग शामिल हुए, पहले दिन प्रदेश के कई मंत्री मेले में पहुंचे और राजीव लोचन मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

### त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहे हजारों भक्त

राजिम कुंभ मेले में शामिल होने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु, साधु संत और कथावाचक राजिम पहुंचते हैं. मेले के पहले दिन सुबह से ही श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाते नजर आए, पैरी, सोंढूर और महानदी इन तीन नदियों के संगम स्थल पर मेले के पहले दिन उमड़ने वाली भीड़ देखते ही बन रही है, राजिम त्रिवेणी संगम पर ये राजिम कुंभ मेला हर साल आयोजित होता है।

### महाशिवरात्रि तक चलेगा मेला

दरअसल, त्रिवेणी संगम के एक तट पर भगवान विष्णु श्री राजीवलोचन विराजमान हैं. दूसरे तट पर सप्तऋषियों में से एक लोमश ऋषि का आश्रम मौजूद है. त्रिवेणी संगम के बीच खुद महादेव कुलेश्वरनाथ के रुप में स्थापित है. वैसे तो श्रद्धालु साल भर यहां पहुंचते हैं. हालांकि राजिम कुम्भ मेले के समय श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है. इस बार माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक राजिम कुंभ मेला चलेगा.

### सीएम साय ने दी बधाई

सीएम साय ने 24 फरवरी से शुरू हो रहे राजिम कुंभ कल्प और शिवरीनारायण मेले की प्रदेशवासियों को बधाई दी. साय ने कहा है कि, 'छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध राजिम में आयोजित होने वाला राजिम कुंभ मेला छत्तीसगढ़ की आस्था का प्रतीक है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महादेव सट्टा एप केस नीतीश दीवान को तीन दिनों की जेल



रायपुर (दावा)। महादेव सट्टा एप केस में रायपुर की विशेष अदालत से नीतीश दीवान को कोई राहत नहीं मिली है. ईडी ने शनिवार को नीतीश दीवान को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उसे तीन दिनों की जेल में भेज दिया गया है। 16 आरोपी को गिरफ्तारी के बाद ईडी ने कोर्ट से 14 दिनों की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने उस वक्त 8 दिनों की रिमाडं मंजूर की थी। लिहाजा उसे 24 फरवरी शनिवार को कोर्ट में दोबारा पेश किया. जिसके बाद अदालत ने नीतीश दीवान को तीन दिनों तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, अब नीतीश दीवान को 26 जनवरी को पेश किया जाएगा।

### नीतीश दीवान सौरभ चंद्राकर का सहयोगी

इस केस में ईडी की तरफ से यह खुलासा किया गया है कि नीतीश दीवान महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का सहयोगी है। 16 फरवरी को ईडी ने नीतीश दीवान को कोर्ट में पेश किया था, प्रवर्तन निदेशालय ने 14 दिनों की रिमांड मांगी थी, लेकिन स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 8 दिनों की रिमांड मंजूर की थी। ईडी आठ दिनों तक नीतीश दीवान से पूछताछ करने के बाद उसे दोबारा शनिवार को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया, जिसके बाद अजय सिंह राजपूत की स्पेशल कोर्ट ने नीतीश दीवान को तीन दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. नीतीश दीवान 26 फरवरी को कोर्ट में पेश होंगे- सौरभ पांडे, ईडी के वकील

### नीतीश दीवान के दुबई कनेक्शन का खुलासा

नीतीश दीवान के दुबई कनेक्शन का खुलासा हुआ है, ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नीतीश दीवान महादेव सट्टा एप के पैनल ऑपरेटर टीम में दुबई में 2 सालों तक था। नीतीश ने महादेव एप के पैसों को क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट किया, नीतीश दीवान का काम पैनल ऑपरेटर को समय-समय पर चेक करना होता था। महादेव सट्टा एप के माध्यम से आने वाली काली कमाई को प्रमोटर के कहने पर अपने अकाउंट के जरिए नीतीश दीवान रोलिंग करता था, सट्टे के पैसों को नीतीश दीवान के जरिए इन्वेस्ट किया गया था। इसके नाम से दुबई में कई प्रॉपर्टी भी खरीदे जाने का खुलासा ईडी सूत्रों ने किया है।

## रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद, राजनाथ सिंह बोले- तीनों सेनाएं साथ मिल कर रहीं



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन वर्ष 2028-29 तक तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने पिछले पांच वर्षों में कई आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। सरकार अल्पकालिक परिणामों के बजाय 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

फर्स्टपोस्ट डिफेंस कान्क्लेव में राजनाथ ने कहा कि तीनों सेनाएं पहले अपने दायरे में सिमटी हुई थीं। हमने लीक से हटकर कदम उठाते हुए थलसेना, नौसेना, वायुसेना के एकीकरण पर ध्यान किया, क्योंकि यह समय की मांग थी। शुरुआत में यह कठिन था, लेकिन आज हमारी सेनाएं बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से मिलकर निपटने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि हथियारों के आयात पर रोक लगाने का फैसला मुश्किल था, लेकिन चुनौती धीरे-धीरे अवसर में बदल रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4,35,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। सरकार ने अगले पांच साल में भारत में एयरो-इंजन और गैस टर्बाइन जैसी उच्च-स्तरीय प्रणालियों के उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

### रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता जरूरी: रक्षा मंत्री

उन्होंने जोर देकर कहा कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता जरूरी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तेजी से बढ़ रही अवैध कालोनियों पर छत्तीसगढ़ सरकार गंभीर, नियमितीकरण के नियमों की होगी समीक्षा



रायपुर। कांग्रेस शासनकाल में मास्टर प्लान के नियमों दरकिनार करते हुए अवैध से वैध करने के फार्मूले की समीक्षा की जाएगी। साथ ही अवैध कालोनियों की तेजी से बढ़ती संख्या पर भी राज्य सरकार ने गंभीरता बरती है। आवास एवं पर्यावरण विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने यह घोषणाएं की। सत्तापक्ष के विधायकों की मांगों के बाद मंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बनाए गए पुराने नियमों की फिर से समीक्षा करते हुए उचित निर्णय का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान मंत्री ने 163 प्रदूषणकारी उद्योगों पर मानिटरिंग के लिए चिमनियों में आधुनिक उपकरण व अवैध कालोनियों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण के रोकथाम के लिए सरकार गंभीर है। प्रदूषणकारी उद्योगों की चिमनियों में मशीनें लगाई जाएगी, जिसका डेटा एनालिसिस सीधे पर्यावरण विभाग के सर्वर में आएगा। इससे पहले पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के मुताबिक उद्योगों का डेटा पहले उद्योग समूह द्वारा स्थापित सर्वर के बाद विभाग के सर्वर में ट्रांसफर किया जाता था। आनलाइन कंटीन्युअस इमीशन मानिटरिंग सिस्टम की मशीनों को पहले से ज्यादा दक्ष बनाया जाएगा।

**छत्तीसगढ़ विजन-2047 की लांचिंग**-वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे। छत्तीसगढ़ 2047 तक कैसे विकासशील राज्य से विकसित राज्य बनेगा इसका विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जाएगा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यशवंत कुमार बने राज्यपाल के सचिव, अविनाश चंपावत केन्द्र से लौटे छत्तीसगढ़

रायपुर। राज्य शासन ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के सचिव पद से आईएएस अमृत खलको को हटाकर आईएएस यशवंत कुमार को नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के जारी आदेश के अनुसार 2007 बैच के आईएएस यशवंत कुमार संचालक ग्रामोद्योग, अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, प्रबंध संचालक हाथकरघा विकास और विपणन संघ मर्यादित, प्रबंध संचालक खादी और ग्रामोद्योग विभाग के पद पर हैं। उन्हें वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार मिला है। वहीं छत्तीसगढ़ कैडर के 2003 बैच के आइएएस अविनाश चंपावत वापस लौटेंगे। वह नीति आयोग में डायरेक्टर थे।

## प्रधानमंत्री ने जामनगर में किया रोड शो, लोगों ने किया भव्य स्वागत; लगे मोदी-मोदी के नारे



जामनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार रात को गुजरात के जामनगर में रोड शो किया। इस दौरान लोगों ने सड़क किनारे खड़े होकर उनका अभिवादन किया। लोगों ने पीएम मोदी के काफिले पर पुष्प वर्षा की। साथ ही लोगों ने मोदी-मोदी के नारे भी लगाए।

### पीएम मोदी कई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी रविवार को गुजरात में कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, गुजरात के लिए कल का दिन विशेष दिन है।

उद्घाटन की जा रही कई परियोजनाओं में ओखा मुख्य भूमि और बेयट द्वारका को जोड़ने वाला सुदर्शन सेतु भी शामिल है। यह एक आश्चर्यजनक परियोजना है जो कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी।

## स्टेट जीएसटी विभाग की कार्रवाई: छत्तीसगढ़ के 11 व्यापारियों के ठिकानों में पड़ा छापा, पकड़ी गई करोड़ों की टैक्स चोरी



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के स्टेट जीएसटी विभाग ने पिछले तीन दिनों में बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश के अनेक स्थानों पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों में छापा मारा है। इस दौरान करोडों रुपयों के टैक्स की चोरी पकड़ी है। जीएसटी विभाग ने रायपुर, दुर्ग, रायगढ, जांजगीर और मनेन्द्रगढ़ के 11 व्यापारियों के ठिकानों में छापा मारकर कार्रवाई की है।

स्टेट जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, जांजगीर और मनेन्द्रगढ़ के 11 व्यापारियों ठिकानों पर छापा मारा गया है। जिसमें आरएआईएस पेट्रोलियम रायपुर, एएस माइनिंग मनेन्द्रगढ़, स्काइ अलोय एंड पावर लिमिटेड रायगढ़, केंडिड सिक्योरिटी रायपुर, पिलानिया स्टील दुर्ग, पिलानिया इंडस्ट्रीज दुर्ग, रेफेक्स इंडस्ट्रीज जांजगीर, अग्रवाल स्टील एंड पाइप रायपुर, श्याम स्टील इंडस्ट्रीज रायपुर, ईश्वर इस्पात रायपुर और ईश्वर टीएमटी के यहां छापा मार कर लगभग 7 करोड़ 60 लाख रुपये का टैक्स मौके पर ही पकड़कर उसे सरेंडर करवाया। जीएसटी विभाग कर चोरी रोकने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उनके एडवांस आईटी टूल्स का उपयोग किया जा रहा है। उनके ईवे बिल जांच की कार्रवाई भी नियमित रूप से की जा रही है, जिसके लिए विभिन्न टीमें गठित की गई है। केवल फरवरी माह में ही अब तक टीमों ने रायपुर संभाग में 33, बिलासपुर संभाग मे 34 और दुर्ग संभाग में 9 गाड़ियों को ई वे बिल में अनियमितता पाये जाने पर जब्त किया है। इनमें से 28 गाड़ियों से लगभग 57 लाख रुपये की पेनाल्टी भी वसूल की जा चुकी है। शेष गाडियों पर कार्रवाई अभी जारी है। बोगस फर्मे बनाकर उनके नाम से माल परिवाहित करने वालों पर विभाग की विशेष नजर है। आरएआईएस पेट्रोलियम रायपुर के ठेकेदारों का बिटुमिन सप्लाई करने और ट्रांसपोर्ट का भी व्यवसाय है। वे आईटीसी का बोगस क्लेम अपने रिटर्न मे किया गया था। इन्होंने लगभग ढाई करोड रुपये कम टैक्स जमा करना स्वीकार करते हुए 1 करोड़ रुपये मौके पर ही सरेंडर किया है। रायपुर के ही केंडिड सिक्योरिटी सर्विसेस ने भी अपने रिटर्न मे टैक्स जमा नहीं किया था। छापा मारे जाने पर इनके जाने पर लगभग 3.5 करोड़ रुपये का टैक्स नहीं जमा किया जाना स्वीकार करते हुए 1 करोड रुपये मौके पर ही जमा किया गया।

एएस माइनिंग की ओर से परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर फर्म बनाकर सर्क्युलर ट्रेडिंग करते हुए टैक्स की देनदारी छिपाई जा रही थी। इनके मनेन्द्रगढ़ और रायपुर स्थित कार्यालयों मे अधिकारियों ने छापा मारा और इन्होंने मौके पर ही 30 लाख रुपये (शेष पृष्ठ 6 पर...)

दादाजी डेंटल क्लीनिक
डॉ. सुबोध गुप्ता
BDS, DADS
प्रतिदिन उलब्ध- सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक
रविवार अवकाश
अग्रसेन भवन के पास भरकापारा, राज.
फोन-07744-470074

मारुति सेल्स
पीविसी डोर, मेमरन डोर, लेमिनेशन डोर, एल्युमिनियम खिड़की, सागौन डोर, माइका डोर, माइका कटपिस डोर, WPVC डोर
* डीलर KAKA PVC के बने माड्यूलर किचन, टी.वी. यूनिट, आलमारी दीमक से बचत वाटर प्रुफ 10 वर्ष की गारंटी
मो. मयूर टांक-8103046104
पता-मोतीपुर नवागांव राजनांदगांव (छ.ग.)

# पटरी पार पानी संकट गहराया, वार्डवासियों ने किया चक्काजाम

**पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, पूर्णिमा, आसिफ भी उतरे चक्काजाम में, महापौर ने आयुक्त को बताया दोषी**



राजनांदगांव(दावा)। गर्मी का सीजन अभी पूरी तरह लगा नहीं शहर के वार्डों में पानी का संकट गहराने लगा है। पटरी पार वासी पिछले 10 दिनों से पानी का संकट झेल रहे है। नलों में पानी नहीं आ रहा। स्टेशन पारा की महिलाओं की माने तो पिछले दो दिनों से नल पूरी तरह बंद है। शनिवार की सुबह कुछ देर के लिए पतली धार में नलों से पानी आया उसके बाद नल पूरी तरह बंद है इससे स्टेशन पारा वार्ड व आसपास के वार्डों में पानी की समस्या विद्यमान हो गई है।

दो-तीन दिनों से नलों में पानी नहीं आने के कारण आक्रोशित हुई महिलाएं व वार्ड के लोगों ने उत्तर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ खान, सिद्धार्थ डोंगरे, पूर्णिमा नागदेवे आदि कांग्रेसी पार्षदों के नेतृत्व में शाम को चक्काजाम कर दिया इससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह अवरूद्ध हो गई। स्टेशन पारा वासियों द्वारा चक्काजाम की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

इधर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके व महापौर हेमा देशमुख के पहुंचने पर वार्डवासियों ने घेर लिया व वार्ड में पानी की समस्या बताने लगे और महापौर से समस्या का शीघ्र ही समाधान की अपील की। महापौर ने मौके की नजाकत को देखते हुए फिलहाल शीघ्र ही टैंकर भेजने का आश्वासन दिया व कुछ देर बाद टैंकर पहुंच भी गया।

### भाजपा के हाथों खेल रहा आयुक्त

महापौर श्रीमती देशमुख ने पटरी पार के कांग्रेसी पार्षदों वाले इलाके में पानी का संकट पैदा किए जाने को सुनियोजित बताया व कहा कि स्टेशन पारा की ओर आने वाली पाइप लाइन के वाल्व को बगैर किसी को सूचना दिए बंद कर दिया गया है। महापौर ने कहा कि किसी इलाके में जल प्रदाय बंद करना होता है तो इस संबंध में बैठक कर उन्हें बताया जाता है।

महापौर ने कहा कि निगम में आयुक्त भाजपाइयों के हाथों खेलते रहे तो वे पूर्व की तरह सड़क पर आकर लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं रहेंगी। उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ खान ने बताया कि पटरी पार उत्पन्न हुई पेयजल संकट को लेकर कई बाद आयुक्त का ध्यान आत्कृष्ट करने का प्रयास किया गया लेकिन वे फोन उठाते ही नहीं। जवाब ही नहीं दिया जाता। इसलिए सप्ताह भर से पेयजल संकट को लेकर परेशान वार्डवासियों के साथ पटरी पार के सभी कांग्रेसी पार्षदों के साथ सड़क पर आन्दोलन करने आना पड़ा और चक्का जाम करनी पड़ी।

### जल्द ही खोला जाएगा वाल्व

मौके पर पहुंचे न.नि. के इंजीनियर अनूप पांडे ने बताया कि स्टेशन पारा रेल्वे फाटक के समीप बन रहे अंडरब्रिज के पास से गुजरी पाईप लाइन में काम चलने के कारण खराबी आ गई थी। उसे रात में आदमी लगाकर ठीक किया जाएगा। बता दे कि ओवर ब्रिज में बढ़ती यातायात जाम की परेशानी को लेकर लोग अंडरब्रिज जल्द से जल्द बनाने के लिए दबाव बना रहे है। लेकिन अंडरब्रिज कार्यस्थल पर न.नि. का पाइप लाइन आ जाने कारण निर्माण में विलम्ब हो रहा है। वही काम के चलते पाइप लाइन क्षति ग्रस्त होने की जानकारी सामने आ रही है। जिसके कारण पटरी पार में पेयजल संकट विद्यमान हुआ।

# धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले दो आरोपी कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े किया

**दोनों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया जेल तीसरे आरोपी की पतासाजी जारी**



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने प्रार्थी की भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर एवं मुख्त्यारनामा बनाकर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम नावेद अली पिता नरेश सिंह उम्र 32 साल निवासी वार्ड नं. 41 केलाबाड़ी मस्जिद के पीछे थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग व दूसरे का नाम श्रवण कुमार साहू पिता स्व. जोहत राम साहू उम्र 39 साल निवासी सिकोसा ग्रामीण बैंक के सामने थाना गुण्डरदेही जिला बालोद है। बताया जाता है कि अपने साथ हुई धोखाधड़ी की घटना के संबंध में प्रार्थी समीर सचदेवा पिता भारतभूषण सचदेवा उम्र 53 साल स्थायी पता 86 नर्मदा रोड रतन कालोनी जबलपुर द्वारा दिनांक 04.02.2024 को थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) पटवारी हल्का नं. 19 तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगॉव में खसरा नं. 86/01 क्षेत्रफल 0.466 हेक्टेयर जो जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में दिनांक 19.01.2024 को हल्का पटवारी द्वारा फोन कर जानकारी लिया गया, कि आप किसी को पावर आफ अटर्नी देकर बिक्री किये हो आपकी जमीन बिक चुकी है। तब प्रार्थी द्वारा जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल भाट ग्राम रजोली जिला बालोद के द्वारा अन्य लोगों के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ाकर फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर क्रेता द्वारा उप पंजीयक कार्यालय राजनांदगॉव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। जॉच पर धारा 419,420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर आरोपी के पतासाजी हेतु रवाना कर मुखबीर की सूचना पर दुर्ग से आरोपी नावेद अली दुर्ग व श्रवण कुमार साहू जिला बालोद को घेराबंदी कर पकड़ा गया। अन्य आरोपी फरार है। जिनकी पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जावेगा। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, संजय बरेठ, आरक्षक अविनाश झा, रंजीत चैरसिया, कुश बघेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## अशोका में मनाई गई मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना दिवस की पांचवीं वर्षगांठ



राजनांदगांव (दावा)। जिले के अग्रणी महाविद्यालय समूह अशोका ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स परिसर में 22 फरवरी स्थित मंदिर में गजानन महाराज एवं श्री शिव परिवार के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर के स्थापना दिवस की पांचवीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया गया। प्रातः10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री गजानन शिक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा भगवान श्री गणेश जी का जलाभिषेक, पूजा अर्चना की गयी। तत्पश्चात् मंदिर परिसर में बने विशाल हवन कुंड में महाविद्यालय प्रबंधन, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आहूति डालकर हवन किया गया। आरती के पश्चात महाविद्यालय परिसर में प्रसादी एवं भंडारे की व्यवस्था की गयी थी जिसको ग्रहण कर सभी श्रद्धालुजन तृप्त हुये। विदित हो कि इसी दिन श्री गजानन शिक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य शेष नारायण चंद्राकर का जन्मदिवस होने के कारण उन्होंने सहपरिवार विशेष पूजा अर्चना की। उपस्थित सभी लोगों ने श्री चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की। उक्त कार्यक्रम के बाद ग्राम तोरनकट्टा के कलाकारों ने धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी।

## श्रीमती कोचे का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। राजीव नगर वार्ड नंबर 8 निवासी सिद्धार्थ कोचे की पत्नी का निधन रात्रि 9:30 बजे हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 24 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे उनके निज निवास राजीव नगर से मुक्ति धाम के लिए निकाली गई।

# महोत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परपंरा का समावेश-कुलबीर सिंह




राजनांदगांव (दावा)। आशीर्वाद नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में एक दिवसीय मोखला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश कर महोत्सव के रूप में मनाया गया। महोत्सव में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शिरकत की।

मोखला महोत्सव को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों की प्रासंगिकता तभी सार्थक होती है जब हम अपने समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखने में कामयाब होते हैं। आज के समय में ऐसी भक्ति भाव का होना बहुत जरूरी है। इस तरह के आयोजन कराना और दिल से भक्ति भाव को जोड़कर रखना ये बड़ी बात है। इससे हमारे सनातन धर्म का प्रचार होता है साथ ही हमारे आने वाले पीढ़ियों को हमारे धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विरासत का ज्ञान होता है जो बेहद जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों को हम सभी को मिल जुलकर करना चाहिए, धार्मिक आयोजनों से उत्पन्न धार्मिक वातावरण का लाभ उठाकर अपने जीवन को धर्म और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। महोत्सव में प्रथम मंचस्थ रामलखन मानस परिवार ग्राम मोखला द्वारा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित महाकाव्य पाठ किया गया। तत्पश्चात द्वितीय मंचस्थ में शारदा रानी मानस परिवार महासंमुद द्वारा झांकी के माध्यम से रामलीला का मंचन किया। तृतीय मंचस्थ में विद्यादायनी जस झांकी परिवार धनडोंगरी डोंगरगढ़ द्वारा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों व राक्षसों के संहार का मंचन झांकी के माध्यम से किया। चतुर्थ मंचस्थ छग महतारी पंडवानी पार्टी ग्राम महराटोला कवर्धा द्वारा पंडवानी के माध्यम से महाभारत के कौरव व पांडवा युद्ध का वर्णन किया। पंचम मंचस्थ में जय राधा कृष्ण राउत नाच पार्टी खजरी घुमका द्वारा राउत नाचा व कृष्ण-राधा प्रेम, होली का मंचन किया वहीं षष्ठम मंचस्थ मंडली मयारू भाई छग नाच पार्टी भाठागांव सिकोसा द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, सुआ नृत्य, बस्तरिया नाच का मंचन के साथ मोखला महोत्सव का समापन हुआ।

# ग्राम अर्जुनी में छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का किया गया नि:शुल्क वितरण

**जनसामान्य ने छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की**



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राजनांदगांव जिले के ग्राम अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित हिन्दी मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन का निःशुल्क वितरण जनसामान्य को किया गया।

छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका को पढ़कर लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की। जनमन पत्रिका मिलने पर जनसामान्य ने कहा कि इसमें शासन की कृषक उन्नति योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस, महतारी वन्दन योजना, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। इसके साथ ही पत्रिका में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री सहित मंत्रीमंडल, विधानसभा के सभी सदस्यों की विस्तृत जानकारी व मोबाईल नंबर भी दिया गया है। पत्रिका में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों से जुड़ी अद्यतन जानकारी बहुत ही सरल ढंग से दी गई है। इस पत्रिका को पढ़ने से शासन की नीतियों और कार्ययोजनाओं के प्रति गहरी समझ विकसित होती है। जिससे शासन की योजनाओं के प्रति जनसामान्य में जागरूकता आएगी। निःशुल्क छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका मिलने पर कार्यक्रम में उपस्थित जनसामान्य ने प्रसन्नता व्यक्त की।


**न्यायालय तहसीलदार गंडई, जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम-गोकना प.ह.नं. 07 रा.नि.नं. चकनार

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमेश्वर साहू पिता मोहनराम साहू जाति तेली निवासी गोकना प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. चकनार, तहसील गंडई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (छ.ग.) के द्वारा साहूकारी अधिनियम 1934 (क्रमांक 13 सन 1934) की धारा 11 बी (एक) के अधीन साहूकारी लायसेंस हेतु आवेदन पत्र मय स्टाम्प पेनकार्ड, आधार कार्ड, आयकर रिटर्न की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक को 1 वर्ष के लिये साहूकारी लायसेंस जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार कि कोई दावा/ आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28.02.2024 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

जारी दिनांक 12/02/2024

पेशी दिनांक 28/02/2024

**तहसीलदार, गंडई**

**न्यायालय तहसीनदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402092200015**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व

सन:-2023-2024

जामरी प.ह.नं.00021 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-मंथीर डडसेना

अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंथीर डडसेना पिता बृजलाल उम्र 63 वर्ष जाति कलार सा.जामरी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम जामरी प.ह.न. 18 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 263 में ख.नं. 581 रकबा 0.036 हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.036 हे. कृषि भूमि मंथीर, अमृत पिता बृजलाल जाति कलार सा. जामरी के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि/आवेदित भूमि का डूप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है। मो. 9406351949

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 13.03.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/02/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तहसील डोंगरगढ़**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नवागांव**
**तहसील, जनपद पंचायत व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**नीलामी सूचना**

क्रमांक....Q/2024 दिनांक 24/02/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवागांव में साप्ताहिक बाजार की नीलामी दिनांक 06/03/2024 दिन बुधवार को समय 12:00 बजे दोपहर ग्राम पंचायत भवन नवागांव में रखी गई है। इच्छुक व्यक्ति उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी संबंधित नियम व शर्तें कार्यालय ग्राम पंचायत नवागांव में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

सचिव
ग्राम पंचायत नवागांव

सुश्री मेघा ठाकुर (सरपंच)
ग्राम पंचायत-नवागांव
जनपद व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)





# प्रधानमंत्री विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ग्राम अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

- मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए डबल इंजन की सरकार कर रही तेजी से कार्य - प्रधानमंत्री
- जिले को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत 907 करोड़ रूपए की लागत से जिले के 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का किया लोकार्पण
- सौर ऊर्जा प्लांट के लग जाने से 5 लाख यूनिट बिजली का होगा उत्पादन, क्षेत्रवासियों को मिलेगा लाभ
- देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र किया गया स्थापित






- पीएम सूर्योदय योजना का जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा लाभ
- सभी विधानसभा क्षेत्रों में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राजनांदगांव जिले के ग्राम अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने राजनांदगांव जिले को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत 907 करोड़ रूपए की लागत से राजनांदगांव जिले के 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रूपए की 10 परियोजनाओं की सौगात दी।

इस अवसर पर विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पारीखुर्द, डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कलकसा, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के गैंदाटोला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रूपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें कोयले, सौर ऊर्जा और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर बनेंगे। एनटीपीसी के 1600 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इसके साथ ही इस आधुनिक प्लांट के 1600 मेगावाट के स्टेज 2 का शिलान्यास भी हुआ है। इन प्लांट से देशवासियों को कम लागत पर बिजली उपलब्ध हो पाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्योदय योजना शुरू की गई है। अभी यह योजना एक करोड़ परिवारों के लिए है। इसमें घर के छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेगी। इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी और ज्यादा बिजली पैदा होगी, तो सरकार बिजली खरीद लेगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रूपए की कमाई होगी। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार जिस प्रकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है, वह प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैसे बढ़ाने की गारंटी मैंने दी थी। गरीबों के घर पहले नहीं बन पा रहे थे। अब हमारी सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। हर घर जल की योजना, इसे भी पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। महतारी वंदन योजना लाखों महिलाओं को लाभ होगा।

निःशुल्क राशन, सस्ती दवाएं, गरीबों के लिए घर, घर-घर नल कनेक्शन, साफ जल, हर घर टायलेट ये सारे काम हो रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली गाड़ी इसलिए ही गांव-गांव आई थी। बीते 10 साल में हमने चौतींस लाख करोड़ रूपए से ज्यादा डीबीटी अर्थात डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर से पैसे भेजे। देश की जनता के बैंक खातों में हमने इतनी बड़ी राशि भेजी। हमने मुद्रा योजना के तहत भी युवाओं को करोड़ों रूपए की मदद दी है। आने वाले पांच वर्षों में जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत होगी, तो छत्तीसगढ़ भी विकसित होगा। यह सबके लिए बहुत बड़ा अवसर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रगट करते हुए कहा कि आपकी गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हम अग्रसर हुए हैं। 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। 3716 करोड़ रुपए की दो साल की बोनस राशि किसानों को दी है। साथ ही 3100 रुपए धान की कीमत देने का वायदा था इसे पूरा किया। विवाहित महिलाओं को साल का 12 हजार रूपए देने का वायदा पूरा करने का निर्णय भी हमने लिया है। विकसित भारत में हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाने तत्पर हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में जनसमान्य शामिल हुए। छत्तीसगढ़ की पांच विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं। इनके बसाहट के लिए आवागमन की सुविधा हो, इसके लिए सड़कों स्वीकृति हुई है। इस योजना में पीवीजीटी लोगों के 366 बसाहटों में रोड पहुंचेगा।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि राजनांदगांव वासी सौभाग्यशाली है कि यहां की बंजर जमीन में 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया। यह देश का सबसे बड़ा सोलर प्लांट होगा और लगभग 500 एकड़ भूमि में यह प्लांट बना है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव ब्लॉक के 9 गांव में यह परियोजना फैली हुई है। सौर ऊर्जा से जिला लाभान्वित होगा। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है। सांसद संतोष पाण्डेय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने सोलर कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, खाद्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष, एनआरएलएम बिहान, उद्यानिकी विभाग, लीड बैंक मैनेजर, पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य, श्रम, वन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना उद्योग विभाग, लोक सेवा केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र, समाज कल्याण एवं आदिम जाति कल्याण विभाग, परिवहन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी बूथ में जनप्रतिनिधियों के साथ फोटो भी खिंचवाई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित नृत्य-गीत की मोहक प्रस्तुति दी गई तथा छोटे बच्चों द्वारा रामलला के जीवन पर आधारित नाट्यगान की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव दिनेश गांधी, भरत वर्मा, सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती इंदुमती साहू, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती जागृति चुन्नी साहू, सरपंच श्रीमती द्रोपती साहू, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में जनसामान्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 907 करोड़ रूपए की लागत से डोंगरगढ़ रोड पर ग्राम ढाबा के समीप लगभग 9 गांव के पहाड़ी एवं बंजर जमीन पर यह प्लांट स्थापित किया गया है। संयंत्र के स्थापित बैटरी सिस्टम के माध्यम से रात्रि में भी बिजली प्रदाय की सुविधा रहेगी। इस प्लांट के लग जाने से 5 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा और क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है। जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है।

**शुभांक**

अनुमानित

**बी. के.**

**558-8 478-9**

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सुकुलदैहान नवीन पुलिस चौकी का फीता काटकर किया शुभारंभ

**अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिये दिया संदेश, अब घटना स्थल पर तुरंत पहुंच सकेगी पुलिस**

राजनांदगांव (दावा)। शनिवार को जिले के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के हाथों सुकुलदैहान के नवीन पुलिस चौकी का फीता काट कर शुभारंभ किया गया। सुकुलदैहान में पुलिस चौकी खुलने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि आम जनता के जीवन में शांति स्थापित करने के अहम उद्देश्य से खोले गये इस नवीन पुलिस चौकी के क्षेत्रांर्तगत कुल 17 गांव होंगे। पुलिस चौकी खुलने पर क्षेत्र के अपराधों पर अंकुश लगेगा।

पूर्व सांसद श्री सिंह के हाथों उद्घाटित हुए इस नवीन पुलिस चौकी के शुभारंभ अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एडीएम अरूण वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम एवं सभापति जिला पंचायत अशोक देवांगन व गांव व क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण सरंपचगण व आम जनता की मौजूदगी रही। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने उद्धबोधन में लोगों से कहा कि पुलिस विभाग के साथ बिल्कुल ही बिना संकोच के साथ अपना बात रखें। डर या भय के साथ बात न करें। जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के साथ विश्वास कायम कर सके और जनता के बीच छोटा बच्चा हो या बुर्जुग हो अपना पीड़ा तथा समस्या को पुलिस के पास जाकर बता सके। जनता की सेवा भाव के लिये इस चौकी का संचालन किया जा रहा है। चाहे जनप्रतिनिधि हो, चाहे अधिकारी हो मूल रूप से हमारे उर्जा का एक-एक पल का उपयोग जनता के भाव से शांति अमन के साथ हो।



पुलिस चौकी खुलने से आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष

पुलिस अधक्षक श्री गर्ग ने कहा कि नवीन पुलिस चौकी सुकुल दैहान के क्षेत्रांर्तगत कुल 17 गांव होंगे। पुलिस चौकी खुलने से आसपास के क्षेत्रों के ग्रामिणों को सुविधा के साथ ही पुलिस प्रशासन का सहयोग भी प्राप्त होगा, जिससे बढ़ते अपराधों को रोकने में सफलता मिलेगी, क्षेत्र में शांति स्थापित करना पुलिस का आहम उद्देश्य है। ग्राम सुकुलदैहान में पुलिस चौकी स्थापित किये जाने से क्षेत्र के जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा एवं गुण्डा बदमाशों में भय का महोल बना रहेगा। पुलिस चौकी सुकुलदैहान के प्रथम चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक भूषण चन्द्राकर एवं स्टाफ को एसपी श्री गर्ग द्वारा निर्देशित किया गया कि पुलिस चौकी में आने वाले सभी प्रार्थी/आवेदकगणों को सुने व मामले का संज्ञान लेते हुये त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें साथ ही जनता से मधुर संबंध बनाये रखे।

# दसवीं-बारहवीं का प्रश्न पत्र हुआ वितरित

**समन्वय केन्द्र स्टेट स्कूल में केन्द्राध्यक्षों की रही भीड़**

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से प्रश्न-पत्र पहुंचने के बाद 24 फरवरी शनिवार को इसका वितरण किया गया। बता दे कि इसके लिए शहर का स्टेट हाईस्कूल सेन्टर बना हुआ है। स्कूल के प्राचार्य व केन्द्राध्यक्ष एन.एस. पट्टा ने जिले के चार विकासखंडों में 88 परीक्षा केन्द्रों के लिए इसे वितरित किया।



उक्त स्कूलों के केन्द्राध्यक्ष 10 वीं-12 वीं के उक्त प्रश्न पत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच लेकर रवाना हो गए है। बताया जाता है कि उक्त प्रश्न-पत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच लेकर रवाना हो गए है। बताया जाता है कि उक्त प्रश्न पत्रों को सम्बंधित स्कूलों के नजदीक के थाने में पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच रखा जाएगा तथा एक मार्च से प्रारंभ होने वाली 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा के दिन उसे विद्यार्थियों को हल करने ले जाया जाएगा। फिलहाल जिले के उन 88 परीक्षा केन्द्रों के लिए रवाना किए गए प्रश्न पत्रों को यहां से ले जाकर थानों में रखा जाएगा। फिर थानों से विषयवार परीक्षा वाले दिन इसे परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाया जाएगा।

इस संबंध में शिक्षा विभाग के सहायक संचालक आदित्य खरे ने बताया कि छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा की तारीखों के तहत दसवी बोर्ड की परीक्षा 2 मार्च से तथा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा एक मार्च से निर्धारित है। इन परीक्षाओं में 10 वीं बोर्ड के लिए राजनांदगांव जिले से 12 हजार 9 सौ 10 विद्यार्थी तथा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए 10 हजार 20 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। बहरहाल एक मार्च से प्रारंभ होने जा रहे बोर्ड परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इसक्रम से शनिवार को इन परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र कड़ी सुरक्षा के बीच सम्बंधित परीक्षा केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। प्रश्न पत्र लेने स्टेट हाई स्कूल में केन्द्राध्यक्षों की भीड़ रही। प्राचार्य पट्टा ने सभी केन्द्राध्यक्षों को पर्चा वितरित किया।

# अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत



राजनांदगांव (दावा)। आज 24 फ रवरी को रेलवे स्टेशन मुड़ीपार पर खंबा नंबर 881/40 ए यार्ड जिला राजनांदगांव में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र 70 वर्ष की डेमो मेमो खाली ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

पंचनामा कर जीआरपी चौकी राजनांदगांव द्वारा मृतक का नाम समय लाल निषाद पिता स्व. दुखूराम निषाद जाति केंवट पता बन बघेरा थाना सोमनी के शव को पीएम पश्चात उनके परिजन को ससम्मान सुपुर्द किया गया। मर्ग कार्यवाही जीआरपी चौकी राजनांदगांव द्वारा किया गया। जानकारी जीआरपी थाना के लक्ष्मी नारायण कश्यप द्वारा दिया गया।

# चौकी चिखली पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतर्राज्यीय चोर

**छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के जेलों में रहा बंद, विभिन्न थानों में है अपराध दर्ज**

राजनांदगांव (दावा)। दिन में सूने मकानों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोर को सायबर सेल के सहयोग से चौकी चिखली पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी से चोरी के सोने चांदी के जेवरातों की बरामदगी की है।

चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि चोरी की घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 10 फरवरी को सुबह 10 बजे अपने घर पर ताला लगाकर ऑफिस गया था शाम को घर आकर देखा तो घर का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर घर में रखे सोने के जेवरात व नगदी रकम को चोरी कर ले गया है। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव सायबर सेल और चिखली चौकी पुलिस की संयुक्त टीम गठित किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया और 'तरीका ए वारदात' की परिकल्पना कर पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान शहर के सीसीटीवी फुटेज के अलावा महाराष्ट्र बॉर्डर क्षेत्र के फुटेज भी कलेक्ट कर चेक किए गए व सतत निगरानी रखी जा रही थी इसी दौरान मुखबीर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य आधार पर संदेही के घर दबिश देकर संदेही आरोपी अनिल चुन्नीलाल बोरकर पिता चुन्नीलाल बोरकर उम्र 37 साल निवासी साकोली के किराये के मकान पर दबिश देकर पकड़ा गया।



आरोपी से पुछताछ किये जाने पर उन्होंने पहले घटना के संबंध में टालमटोल की फिर कड़ाई व, हिकमत अमली से तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पूछताछ किया गया तब आरोपी ने बताया कि वह अपने दोस्त अक्षय गुप्ता के साथ मोटर सायकल से चोरी करने की तैयारी कर घटना दिनांक को साकोली महाराष्ट्र से राजनांदगांव आए थे और चोरी करने की लिए कॉलोनियों में घूम रहे थे। इसी दौरान मुदलियार कॉलोनी के सुनसान रोड पर प्रार्थी के सूने मकान का चयन कर, दरवाजा का ताला तोड़कर ,सोना जेवरात और नगदी चोरी किया। चोर कुछ इस स्वीकारोक्ति पर चोरी के सामान सोने चांदी के जेवरात जिसमें 2 नग सोने की अंगूठी, 1 नग सोने का लॉकेट, 1 नग सोने का चैन, 1 जोडी सोने का टाप्स कुल वजनी 20.5 ग्राम कीमती 1 लाख 23 हजार रुपए को अपने घर से पेश किया जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 454,380 भादवि के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। मामले के सह आरोपी विजय गुप्ता की पतातलाश पर टीम रवाना किया गया है।

उक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र वर्मा चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक स्वयं व प्रधान आरक्षक सुनील वर्मा, आरक्षक सिंधु सिन्हा, सायबर सेल से प्रधानआरक्षक अवध किशोर साहू, हरीश ठाकुर, हेमंत साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा सराहनीय योगदान रहा है।

# लाभार्थी संपर्क अभियान की लोकसभा स्तरीय कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा लोकसभा क्षेत्र की सभी 11 सीटों पर लोकसभा स्तरीय लाभार्थी संपर्क योजना का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रही है, इसी परिप्रेक्ष्य में राजनांदगांव भाजपा कार्यालय में कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा एवं दिनेश गांधी ने बताया कि लाभार्थी संपर्क योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की उपलब्धियां के बारे में लाभार्थियों से संपर्क कर चर्चा की जाएगी, लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत 24 फरवरी से होगी और लगातार 5 मार्च तक यह अभियान चलता रहेगा ।

संपर्क अभियान के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री राम जी भारती ने बताया कि इस अभियान के तहत भाजपा के 11000 कार्यकर्ता जिले के 522000 लाभार्थियों से संपर्क करेंगे और राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को बताएंगे तथा फीडबैक लेंगे।





रमेश पटेल ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियां को बताएंगे केंद्रीय योजनाओं के लाभ ले रहे लोगों का वीडियो बनाएंगे और राज्य सरकार की नई योजनाओं के बारे में भी जनता को अवगत कराएंगे। इसके पूर्व लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा प्रभारी सौरभ कोठारी ने स्वागत प्रतिवेदन देते हुए कहा कि लोकसभा के सभी 34 मंडलों में आगामी तीन दिवसों के अंदर इस अभियान की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न होगी।

अभियान के लोकसभा संयोजक सौरभ कोठारी ने संपर्क अभियान की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि जनता जनार्दन होती है, इसलिए कार्यकर्ता लाभार्थी जनता से मिल कर मोदी जी का पत्र सौपेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक द्वय सियाराम साहू, खेदूराम साहू, मदन साहू, घम्मन साहू, रविन्द्र वैष्णव, खम्मन ताम्रकार, श्रीमती नम्रता सिंह, सीताराम साहू एवं 34 मंडलों के मंडल अध्यक्ष मंडल संयोजक सह संयोजक सहित आईटी सेल के गिन्नी चावला, मनीष गोलछा, शशांक ताम्रकार, सूर्यकांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सांसद के हाथों शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। जिला निषाद समाज भवन कौरिनभाटा में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। जिसमें संतोष पांडेय सांसद, द्रुपत मुन्ना निषाद जिलाध्यक्ष, रमेश पटेल भाजपा जिलाध्यक्ष, भरत लाल वर्मा प्रदेश भाजपा महामंत्री, गिरधर निषाद प्रदेश सचिव निषाद समाज, शिव वर्मा, गगन आईस वार्ड नंबर 44 कौरिनभाठा, विजय निषाद जिला निषाद समाज सलाहकार एवं वरिष्ठ नागरिक संमिलित थे।

# सकल जैन समाज द्वारा वर्धमान राष्ट्र संत विद्यासागर महाराज को भक्ति पूर्वक विनयांजलि

राजनांदगांव (दावा)। युग श्रेष्ठचर्या शिरोमणि दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर महामुनिराज 18 फरवरी को रात्रि 2:30 बजे जैन आगम की श्रेष्ठचर्या को अंगीकार करते हुए समाधिस्त होकर ब्रह्मलीन हो गए। जिनकी विनयांजलि सभा 25 फरवरी दिन रविवार को सकल जैन श्री संघ द्वारा दिगंबर जैन मंदिर के सामने गंज लाइन में शाम 7:00 बजे आयोजित की गई है, तत्पश्चात आचार्य भक्ति की जावेगी। जैन समाज के सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि, आचार्य श्री 36 मूल गुणों के धारी ने छत्तीसगढ़ की धरा पर अपने सारगर्भित जीवन से मृत्यु को महोत्सव बनाने का उत्कृष्ट संदेश देते हुए, रत्नत्रय का पालन करते हुए, यम संलेखना समतापूर्वक धारण की और तीन दिनों के उपवास उपरांत अरिहंत भगवान का स्मरण करते हुए ओम शब्द के उच्चारण के साथ ब्रह्मलीन हुए। आचार्य श्री ने समस्त मानव समाज के लिए धर्म प्रभावना की, वही राष्ट्र हित में इंडिया नहीं भारत बोलो का नारा भी बुलंद किया।



उन्होंने भारत की शिक्षा के स्तर को उत्कृष्ट एवं संस्कारित करने के लिए प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की स्थापना की तो देश को आत्मनिर्भर और अहिंसक रोजगार की दिशा में पहल करने के लिए चल चरखा के माध्यम से कई हथकरघा का आशीर्वाद भी दिया, सैकड़ों गौशाला आचार्य के आशीर्वाद से संचालित हो रही है, उन्होंने समाज सुधार के लिए तिहाड़ जेल में भी जैन धर्म की अलख जगाते हुए ब्रह्मचारिणी दीदियों के माध्यम से हथकरघा संचालित कर अपना आशीष प्रदान किया। आचार्य श्री द्वारा रचित मुकमाटी जैसी अलौकिक पुस्तक लिखी जिस पर ढाई सौ लोगों से भी अधिक लोगों ने पीएचडी की और पूरे विश्व को अहिंसक और आत्मज्ञान के लिए प्रेरित होने का आशीष प्रदान किया। आज शारीरिक रूप से वह हमारे साथ नहीं है लेकिन उनके विचारों की उत्कृष्ट श्रृंखलाओं में से किसी एक का भी अनुसरण हमारे जीवन को मोक्ष मार्ग की ओर प्रशस्त करने के लिए प्रभावी होगा।


सूर्यकांत जैन ने बताया कि आचार्य श्री ने अपनी संलेखना के पूर्व निर्यापक मुनि श्री 108 योग सागर महाराज एवं अन्य मुनियों के समक्ष आगामी आचार्य पद हेतु आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के प्रथम शिष्य निर्यापक मुनि 108 श्री समय सागर महाराज को योग्य मानते हुए आगामी आचार्य पद देने का अंतिम आदेश दिया। दिनांक 22 फरवरी को बालाघाट से पैदल विहार करते हुए मुनि श्री समय सागर महाराज ससंघ चंद्रगिरी पहुंचे उन्होंने आचार्य भगवन को विनियांजलि देने के लिए पूरे भारत में एक ही दिन एक साथ 25 फरवरी दिन रविवार को विनयांजलि देने का निर्देश भारत के सभी जैन समाज एवं आचार्य भगवन विद्यासागर महा मुनिराज के अनुयायियों को दिया।

गुरुवर के प्रति कृतज्ञता एवं विनयांजलि व्यक्त करने के लिए सकल जैन समाज के अध्यक्ष मनोज बैद, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव रविकांत जैन ने समस्त जैन समाज एवं सभी समाज के अनुयायियों एवं शहरवासियों को विनम्र आग्रह पूर्वक आमंत्रित किया है।

# खजुराहो नृत्य महोत्सव में डोंगरगांव के रूपेश की प्रस्तुति

**गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में सम्मिलित होकर नगर का नाम किया रोशन**

डोंगरगांव (दावा)। मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित खजुराहो नृत्य महोत्सव का कथक नृत्य पर नगर के होनहार छात्र इंदिरा कला विश्वविद्यालय में प्रशिक्षित रूपेश कुमार ने भी अपनी प्रस्तुति दी।



खजुराहो नृत्य महोत्सव के 50वें स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित कथक कुंभ के नृत्य में लगभग 1484 देशभर के कलाकारों ने प्रस्तुति दी तथा इस प्रस्तुति को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करवाया गया है। नगर के छात्र रूपेश भी इस नृत्य दल का हिस्सा रहे तथा उन्होंने अपनी प्रस्तुति से नगर का नाम के साथ-साथ अपने परिवार का नाम भी रोशन किया है, होनहार रूपेश कुमार का नगर के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का भी सदस्य रहे हैं तथा नगर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर भी अपनी प्रस्तुति देते रहे हैं। वे नगर के छात्र छात्राओं को कथक नृत्य की प्रस्तुति की अभ्यास करते आए हैं, रूपेश कुमार की इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा उनके परिवार के परिजनों ने उन्हे बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# आज 1346 दर्शनार्थी रामलला के दर्शन करने रवाना होंगे

**राजनांदगांव स्टेशन में रहेगा उत्साह का माहौल**

राजनादगांव (दावा)। अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के उद्घाटित होने पश्चात पूरे देश भर के श्रद्धालु अयोध्या जाने शुरू हो गए हैं। लोगों में भगवान श्रीराम के प्रति आस्था और विश्वास की अलौकिक श्रद्धा देखी जा रही है, जिसके चलते भाजपा ने आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से यह व्यवस्था बनाई है और गोंदिया से यह ट्रेन चलकर, डोंगरगढ़, राजनादगांव, दुर्ग, रायपुर होते हुए उसलापुर मार्ग से सीधे अयोध्या पहुंचेगी जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि आस्था स्पेशल ट्रेन राज्य शासन के धार्मिक यात्रा के आयोजन का प्रतीक है छत्तीसगढ़ की जनता अपने रामलला के दर्शन के लिए आतुर है उत्सुक है अपने रामलला के दर्शन के लिए उनकी उत्सुकता को समझते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह व्यवस्था केंद्र शासन के माध्यम से करवाई है। यात्रा के प्रभारी रवि सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया की आज 25 फरवरी रविवार को जितने भी पंजीकृत 1346 राम भक्त अयोध्या जाने वाले हैं, वह सुबह 9:00 बजे राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर उपस्थित होंगे यहां उनके स्वागत की व्यवस्था स्टेशन की पार्किंग स्थल पर की गई है, यहीं पर उन्हें परिचय पत्र का वितरण भी किया जाएगा यह परिचय पत्र पूरे यात्रा में महत्वपूर्ण होगा।



25 फरवरी को यह ट्रेन गोंदिया से 10:05 बजे छूटकर 11:01 बजे डोंगरगढ़, 11:25 बजे राजनांदगांव, 12:10 बजे, दुर्ग 13:00 बजे रायपुर और भाटापारा स्टेशन में रुकते हुए 15:25 बजे उसलापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसका स्टापेज या बोर्डिंग पाइंट पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमिरया, कटनी व प्रयागराज जैसे प्रमुख स्टेशनों में दिया गया है। अयोध्याधाम पहुंचने का समय 10:25 बजे निर्धारित किया गया है। वापसी में यह ट्रेन 27 फरवरी को 7:55 बजे अयोध्याधाम से छूटेगी राजनांदगाव 28 फरवरी शाम 5:30 को पहुँचेगी यह जानकारी संपूर्ण यात्रा के प्रभारी रवि सिन्हा एवं मूलचंद लोधी ने प्रदान की।

### सांसद संतोष पांडे एवं अन्य वरिष्ठों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन रवाना की जाएगी

आस्था ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल पूर्व सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, रामजी भारती, राजेंद्र गोलछा एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## अनमोल दावा

> छोटी-छोटी फैसलों से ही जीवन में !! बड़ी सफलता मिलती है।

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा

चंडीगढ़ नगर निगम मेयर का चुनाव निर्वाचन प्रणाली में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने उस चुनाव में मतपत्रों को गलत तरीके से निरस्त करने और एक हारे हुए पक्ष के प्रत्याशी को मेयर घोषित करने पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा है। इसे सुनिश्चित कराना जरूरी है।

गौरतलब है कि चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी ने कुछ मतपत्रों पर खुद निशान लगा कर उन्हें निरस्त कर दिया था। वह सारा वाकया कैमरे में भी दर्ज हुआ था। इस तरह मनमानी और धोखाध?ी करके सरेआम किसी पार्टी के प्रत्याशी को हराने और किसी पार्टी के प्रत्याशी को विजयी घोषित करने का यह पहला प्रत्यक्ष प्रमाण था। इस पर सर्वोच्च न्यायालय की नाराजगी स्वाभाविक थी। मगर चुनावों में मत चोरी और धोखाधड़ी कोई नई बात नहीं है। पहले जब मतपत्रों के जरिए मतदान होते थे, तब कई जगह दबंगों के मतपेटी लूटने और उन्हें अपने पक्ष के मतपत्रों वाली पेटी से बदल देने की घटनाएं खूब हुआ करती थीं। उसे रोकने के लिए मतदान मशीनों का इस्तेमाल शुरू हुआ।

दावा किया गया कि इससे मतदान में पारदर्शिता आएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका दूर होगी। मगर अब तो मतदान मशीनों पर भी गंभीर शक जाहिर किया जाने लगा है। विपक्षी दल मतपत्रों के जरिए मतदान कराने या फिर मतदान मशीन को त्रुटिपूर्ण बनाने की मांग कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि मतदान मशीनों को बाहर से संचालित किया जा सकता है। इस तरह सत्ताधारी दल दूसरे दलों के मतों को हटा कर अपने पक्ष में मतों की संख्या बढ़ा लेता है। विपक्षी दलों का दावा है कि उनके पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं। कुछ जगहों पर मतगणना के बाद मतदाता सूची पर अंकित मतों और मतदान मशीन से निकले मतों में अंतर भी देखा गया है। इस तरह अब निर्वाचन आयोग की निष्ठा पर भी सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में यह सवाल अब बड़ा बन चुका है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस कथन का पालन कैसे हो कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों।

चुनाव लोकतंत्र की आत्मा है। अगर वही प्रश्नांकित होने लगा है, तो लोकतंत्र की अवधारणा धुंधली होगी ही। फिर तो लोगों के मतों का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा, जो मतों को अपने पक्ष में कर सकेगा, वही सत्ता में बना रहेगा। चंडीगढ़ की घटना ने चुनाव प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों को और गहरा किया है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने संबंधित पीठासीन अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की सलाह दी है। मगर सवाल पूरी चुनाव प्रणाली को पारदर्शी बनाने का है। अगर बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों को वर्तमान चुनाव प्रक्रिया पर संदेह है और आम मतदाता भी इसे लेकर सशंकित हैं, तो इसके निराकरण का उपाय होना ही चाहिए। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में तो बहुत कम मतपत्र थे, मगर जब उसमें धांधली करने की कोशिश की गई, तो बड़े पैमाने पर पढ़ने वाले मतों में अगर इसी तरह हेराफेरी होने लगे, तो वह लोकतंत्र पर घातक प्रहार साबित होगा। मगर निर्वाचन आयोग इसे लेकर अब भी गंभीर नजर नहीं आता। उसे लोकतंत्र के पहले पायदान पर ही पारदर्शिता लाने के असीमित संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, अगर वह उनका इस्तेमाल करे, तभी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का भरोसा कायम हो सकता है।

# किसान आंदोलन: सोशल मीडिया अकाउंट हुए ब्लॉक, इंटरनेट पर पाबंदी

**दिलनवाज़ पाशा**

फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और अन्य मांगों को लेकर चल रहे किसानों के आंदोलन के मद्देनज़र पंजाब और हरियाणा के कई इलाक़ों में इंटरनेट बंदी को करीब दस दिन हो गए हैं. हजारों की संख्या में किसान हरियाणा-पंजाब के बीच शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से जमा हैं और दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे हैं. 21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर एक किसान की कथित गोलीबारी में मौत के बाद किसान नेताओं ने दिल्ली कूच को दो दिन के लिए स्थगित कर दिया है. इसे देखते हुए हरियाणा के सात ज़िलों में 23 फ़रवरी तक इंटरनेट पर प्रतिबंध को बढ़ा दिया है. ये प्रतिबंध राज्य सरकार ने लगाया है. इसमें अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा शामिल है. सरकार ने इंटरनेट पर प्रतिबंध के अपने आदेश में कहा है कि तनावपूर्ण हालात को देखते हुए और शांति बनाए रखने के लिए इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई है.

इसके अलावा केंद्र सरकार ने 16 फरवरी को एक आदेश जारी कर सात जिलों के 20 पुलिस थाना क्षेत्रों में इंटरनेट पर पाबंदी लगाई थी. यह पाबंदी पंजाब सरकार की तरफ से नहीं लगाई गई है. सरकार ने कहा है कि ये क़दम अफ़वाहों को फैलने से रोकने और क़ानून व्यवस्था को क़ायम रखने के लिए उठाया गया है. केंद्र और राज्य सरकार ने ये यह आदेश भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की धारा 5 और दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन (सार्वजनिक आपातकालीन या सार्वजनिक सुरक्षा) नियम 2017 के नियम 2 के तहत जारी किया गया है. समाचार एजेंसी पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक़ ये गृह मंत्रालय के आदेश पर अस्थायी रूप से 177 सोशल मीडिया अकाउंट और वेब लिंक पर भी रोक लगाई है. प्र रिपोर्टों के मुताबिक़ किसान आंदोलन समाप्त होने के बाद ये अकाउंट फिर से चालू कर दिए जाएंगे.

भारत में इंटरनेट बंद होने पर नज़र रखने वाली वेबसाइट च्इंटरनेट शटडाउनज् के मुताबिक़ 2024 में अब तक 17 बार इंटरनेट बंद किया जा चुका है. इंटरनेट शटडाउन पर 2012 के बाद से इंटरनेट बंद किए जाने की घटनाओं का रिकॉर्ड है. डाटा के मुताबिक़ अब तक कुल 805 बार भारत में अलग-अलग जगहों पर इंटरनेट बंद किया जा चुका है. सर्वाधिक 433 बार जम्मू-कश्मीर में, इसके बाद 100 बार राजस्थान और फिर 45 बार मणिपुर में इंटरनेट बंदी हुई है. हरियाणा में 37 और उत्तर प्रदेश में 33 बार



इंटरनेट बंद किया गया है जबकि बिहार में कुल 21 बार इंटरनेट बंद हुआ. दक्षिण भारतीय राज्य केरल में कभी इंटरनेट बंद नहीं किया गया है जबकि तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में एक-एक बार इंटरनेट बंद हुआ. अगर अवधि की बात की जाए तो सर्वाधिक 552 दिनों तक कश्मीर में इंटरनेट बंद रहा जबकि मणिपुर में 200 दिनों तक इंटरनेट बंद रहा है. साल 2012 में सिर्फ़ 3 बार इंटरनेट पर रोक लगी थी, 2013 में 5 बार, 2014 में 6 बार और 2015 में 14 बार इंटरनेट बंद किया गया. अब तक सर्वाधिक 136 बार 2018 में, 132 बार 2020 में और 109 बार 2019 में भारत में इंटरनेट बंद हुआ.

दुनियाभर में इंटरनेट पर प्रतिबंधों पर नज़र रखने वाली संस्था एक्सेस नाऊ के मुताबिक़ साल 2022 में भारत में इंटरनेट बंद करने की 84 घटनाएं हुईं. ये विश्व में सबसे ज़्यादा थीं. एक्सेस नाउ के मुताबिक़ दुनिया के 35 देशों में सरकारों ने कुल 187 बार इंटरनेट बंद किया. सर्वाधिक बार भारत में इंटरनेट बंद किया गया. 28 फ़रवरी 2023 को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक़ 2016 के बाद से दुनियाभर में इंटरनेट बंद करने की 58 प्रतिशत घटनाएं भारत में हुई हैं. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदर्शन, संघर्ष, स्कूल परीक्षाओं और चुनावों जैसी घटनाओं के दौरान भारत में सर्वाधिक इंटरनेट बंद किया गया. इसे सेंसरशिप में च्अप्रत्याशित बढ़ोतरीज् कहा गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सरकार ने इंटरनेट पर रोक का सामान्यीकरण किया है और केंद्रीय सरकार ने पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी तय करने का कोई रास्ता नहीं निकाला है.

भारत के सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2020 में अनुराधा भसीन बनाम भारत सरकार मामले में कहा था सीआरपीसी 144 के तहत दी गई शक्तियों का इस्तेमाल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या किसी लोकतांत्रिक अधिकार के हनन के लिए नहीं किया जा सकता है. सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से इंटरनेट पर रोक के सभी आदेशों की फिर से समीक्षा करने के लिए भी कहा था. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फ़ैसले में ये भी कहा था कि जो आदेश क़ानून के तहत नहीं है उन्हें तुरंत निष्प्रभावी किया जाए. वहीं संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर संसद की स्टैंडिंग समिति के समक्ष भारत के गृह मंत्रालय और संचार विभाग ने कहा था कि च्सार्वजनिक आपातकालज् और च्जनता की सुरक्षाज् ऐसे दो आधार है जिन पर इंटरनेट बंद करने का आदेश दिया जा सकता है. समिति ने सरकार से पूछा था कि च्पब्लिक इमरजेंसीज् और च्पब्लिक सेफ़्टीज् के अलावा किन और कारणों से इंटरनेट कब-कब बंद किया गया. इसके जवाब में सरकार ने कहा था कि इंटरनेट शटडाउन को लेकर सरकार रिकॉर्ड नहीं रखती है. भारतीय टेलीग्राफ़ एक्ट 1885 की धारा 5(2) के तहत पब्लिक सेफ़्टी और पब्लिक इमरजेंसी को लेकर पैमाने परिभाषित हैं. हालांकि गृह मंत्रालय ने इनकी परिभाषा के बारे में पूछे गए सवाल पर समिति में कहा था, च्ये शब्द टेलीग्राफ़ एक्ट में हैं जिसे संचार विभाग देखता है. इसलिए क़ानून की परिभाषा में उन्हें देखना होगा कि इसकी व्याख्या है या नहीं.ज्

इस धारा के तहत केंद्र या राज्य सरकार च्लोक आपातज् या च्लोक सुरक्षाज् यानी पब्लिक इमरजेंसी या च्पब्लिक सेफ़्टीज् की स्थिति में संचार के माध्यमों को क़ब्ज़े में ले सकती है. यानी इंटरनेट जैसे संचार के साधनों पर रोक लगाई जा सकती है. हालांकि, ये छूट भी दी गई है कि केंद्र या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संवाददाताओं के संदेशों को तब तक नहीं रोका जा सकता जब तक ये सिद्ध ना हो कि ये संदेश इस क़ानून के तहत प्रतिबंधित हैं. भारत में प्रदर्शनों के दौरान इंटरनेट पर रोक लगाना सरकार का एक चलन बनता जा रहा है. उपलब्ध डाटा ये दर्शाता है कि भारत इंटरनेट पर रोक लगाने के मामले में सबसे आगे है. सोशल मीडिया के दौर में इंटरनेट संवाददाताओं के लिए भी सूचनाएं भेजने के लिए ज़रूरी है. इंटरनेट पर पूर्ण प्रतिबंध की वजह से प्रेस रिपोर्टरों का काम भी बाधित हुआ है.

किसान आंदोलन के दौरान कई पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल पर रोक लगा दी गई है. पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक़ कम से कम 177 अकाउंट और वेब लिंक अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किए गए हैं. सामाजिक कार्यकर्ता हंसराज मीणा का अकाउंट भी प्रतिबंधित किया गया है. बीबीसी से बातचीत करते हुए हंसराज मीणा इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन बताते हैं. हंसराज मीणा के मुताबिक़, च्उनके व्यक्तिगत और संगठन ट्राइबल आर्मी के एक्स प्रोफ़ाइल को सरकार ने भारत में प्रतिबंधित करवा दिया है.ज्ज् सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स की तरफ़ से हंसराज मीणा को बताया गया है कि ऐसा भारत सरकार के आदेश पर किया गया है. मीणा कहते हैं, च्मेरे जिन पोस्ट का हवाला दिया गया है वो किसी भी तरह से क़ानून का उल्लंघन नहीं करते हैं. मैंने बस अपने विचार रखे हैं. सरकार विचारों से भी डरने लगी है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 76: सीताजी मां भवानी के मंदिर में, राम लक्ष्मण गुरु के पास पहुंचे

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी ने दूर से ही यह दृश्य देख लिया था। श्री राम ने जानकी जी के उस कनेर पेड़ के पास पहुंचकर पुष्प तोड़कर अपनी डलिया में रख लिया था। लक्ष्मण जी ने श्री राम के पास आते हुए कहा, ''तो भैया, अयोध्या की राजकुमारी जी ने आपको मनोनुकूल पुष्प दिलवाए हैं।''

श्री राम ने मुस्कुराते हुए कहा, 'समझ में नहीं आ रहा है लक्ष्मण! यह कैसा अद्भुत संयोग है।'

'हां भैया! इस उद्यान में भगवान शिव को अर्पित करने के लिए कनेर पुष्प आपको उनसे मिला जो स्वयं माता भवानी की पूजा करने जा रही हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने आपको इस पुष्प तक पहुंचाने के लिए ही अपना मार्ग बदला हो।' लक्ष्मण जी ने अपना तर्क प्रस्तुत किया।

'ऐसा नहीं होगा लक्ष्मण, उनके हाथ में तो स्वयं एक डलिया थी, जिसमें कुछ फूल दिखाई दे रहे थे। संभव है, वे भी फूल चुनने के लिए वाटिका के इस ओर आई हों।''श्री राम ने कहा।

''भैया जब माता भवानी का मंदिर निकट ही है तो क्या हम लोग वहां न चलें?'' लक्ष्मण जी ने कहा।

''अभी नहीं लक्ष्मण! गुरु विश्वामित्र जी अब पूजन के लिए अपनी ध्यानावस्था से बाहर आने ही वाले होंगे। अतः हमें शीघ्र उनके कक्ष में पहुंचना होगा। वैसे भी हमें गुरु विश्वामित्र की आज्ञा के बिना कहीं नहीं जाना चाहिए।''श्री राम ने कहा।

''जी भैया! मैं समझता हूं।'' लक्ष्मण जी ने सहमति व्यक्त की।

दोनों भाई शीघ्र ही वाटिका से प्रस्थान कर पूजा कक्ष में पहुंचे। उन्होंने पुष्प की डलिया पूजन सामग्रियों के साथ रखीं। इसके बाद वे गुरु का कक्ष छोड़कर अपने कक्ष में लौट गए। गुरु विश्वामित्र ने अपनी आंखें खोली और अपने सामने विविध रंग-बिरंगे पुष्पों को देखकर उनका मन प्रसन्न हो गया।इधर अपने कक्ष में दोनों भाई अपने-अपने धनुष और उसकी प्रत्यंचा की जांच करने लगे। लक्ष्मण जी एक लौह पट्टिका पर श्री राम के और अपने बाणों को पैना करने लगे।

इधर देवी भवानी के मंदिर में सीता जी ने सखियों के साथ प्रवेश किया। आज उनके हृदय में न जाने किस अज्ञात कारण से अत्यधिक प्रसन्नता है। हृदय में उमंग ऐसी है कि वह उनके पूरे व्यक्तित्व से प्रकट हो रहा है लेकिन माता पार्वती की प्रतिमा के समक्ष पहुंचते ही उन्होंने किंचित गंभीरता के साथ अपने दोनों हाथ जोड़े और पूजा की तैयारी में जुट गईं।

विधिपूर्वक पूजन अर्चन करते हुए उन्होंने गुड़हल के सुंदर लाल पुष्प माता पार्वती के चरणों में अर्पित किए। (भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## कविता

### मेला राजिम के

ये माघ मा मेला लगे, संगम त्रिवेणी धाम हे।
राजीव लोचन के धरा, अउ संग भांचा राम हे।।
ज्ञानी महात्मा संत मन, आथे इहाँ दर्शन करे।
शिवलिंग मा जल ला चढ़ा, सुख शांति जिनगी मा भरे।।
उमड़य मनुज के भीड़ हा, चारों मुड़ा धुर्रा उड़े।
छल भेद मन ले त्याग के, आगू बढ़य छोटे बड़े।।
सुकवा पहाती लोग सब, ताँता लगावय द्वार मा।
प्रभु ला निहारे मात्र ले, तरथे मनुज संसार मा।।
ये भक्ति के रद्दा हरे, मिटथे हृदय संताप हा।
भगवान के होथे कृपा, धुल जात जम्मों पाप हा।।स्वागत इहाँ सब के हवै,
रम भक्ति के अब रंग मा।
जिनगी हवय बस चार दिन,
बाँटव खुशी सब संग मा।।




प्रिया देवांगन ''प्रियू''

## कविता

### मोबाईल म मोहनी

लईका, जवान, सियान जम्मो झन मन धरे हे।
कोनो हांस के गोठियावत हे, कोनो कान म टेकाय खड़े हे।
पईसा के राहत ले, टाय टाय गोठियावत हे।
बिन पईसा के मोबाईल ह, मुहुल ओथरावत हे।
सारी जमाना ऐखरे पाछु परे हे,
कोन जनी मोबाईल म का मोहनी भरे हे।।
नाती किहीस मोबाईल ले दे बबा, आनलाईन म पढ़हू।
पढ़ लिख के नाव कमाहु, अऊ आघू डाहर बढ़हू।
मोबाईल देखत टुरा रात रात भर जागत हे।
इही मोबाईल के चक्कर म, कतको टूरी टूरा मन भागत हे।
दिखत हे नानकुन, फेर कतका गुन म बड़े हे,
कोन जनी मोबाईल, म का मोहनी भरे हे।।
कान म टेकाके मोबाईल, गाड़ी झन चलाव जी।
अईसन म जबरा धोखा होथे,
उचित जगा गोठियावजी।
होवईया दूरघटना ले तुम, बाचो अऊ बचाव जी।
बच के चलव, धीरे चलव, ये बात
तुम गोठियाव जी।
मही ल घलो फुक के पीथे, जेकर मुहु जरे हे।
कोन जनी मोबाईल म, का मोहनी भरे हे।।




आनंदराम सार्वा
कु.बो.भाठागांव

## शब्द सामर्थ्य -344

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 343 का हल**



## सू- दोकू क्र.344

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.343 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। मार्किट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृषभ**
आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे।

**मिथुन**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र सरकारी नौकरी के लिए कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको भी आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें।

**कर्क**
आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते हैं। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आपके दिमाग में नए आइडियाज आते रहेंगे।

**सिंह**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हायर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वो किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

**कन्या**
आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है, कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

**तुला**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुडे हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ पार्टनरशिप के लिए दिन अच्छा रहेगा। दाम्पत्य जीवन आज बेहतरीन रहने वाला है।

**धनु**
आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है।

**मकर**
आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा।

**कुंभ**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी। हर कोई आपसे अच्छा व्यवहार करेगा। आज समाज से जुडे कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में काम करने में आपका कोई सानी नहीं होगा।

**मीन**
आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर के साथ गुजार सकते हैं। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।



# हेलमेट वितरण को लेकर भाजपाईयों ने जताई आपत्ति

**छुरिया (दावा)। ब्लॉक स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में आरटीओ विभाग द्वारा राजीव युवा मितान के पदाधिकारियों को हेलमेट वितरण किए जाने को लेकर वहां उपस्थित भाजपाईयों ने आपत्ति दर्ज कराया है। उनके विरोध को देखते हुए हेलमेट वितरण कार्य को रोक दिया गया। नाराज भाजपाईयों ने अब इसकी शिकायत जिले एवं प्रदेश स्तर के भाजपा नेताओं से की है ।**



○ राजीव युवा मितान के पदाधिकारियों को बांटा जा रहा था हेलमेट
○ विकसित भारत संकल्प यात्रा का गैंदाटोला में आयोजन

मिली जानकारी अनुसार ब्लाक स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन गैन्दाटोला में रखा गया था। जहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअॅली रूप से लाभार्थी हितग्राहियों से रूबरू हो रहे थे। उनके कार्यक्रम पश्चात जिले के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। जहां संकल्प यात्रा में पहुंचे ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण किया जा रहा था। इसी कड़ी में आरटीओ विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाये हुए थे। जहां यातायात सुरक्षा के मद्देनजर लगभग 50 दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण किया जाना था। लेकिन उनकी विभाग की सूची में राजीव युवा मितान के पदाधिकारियों का नाम देखकर भाजपा कार्यकर्ता इसकी शिकायत सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय पटेल, महामंत्री संजय सिन्हा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कान्ता साहू, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष सोहन साहू से की। भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध को देखते हुए इन भाजपा नेताओं ने आरटीओ विभाग के अधिकारियों के समक्ष हेलमेट वितरण की सूची को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए इसकी शिकायत कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन एवं तहसीलदार विजय कोठारी से की। जिसके बाद हेलमेट वितरण पर रोक लगा दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थी हितग्राहियों को हेलमेट बांटने के बजाय राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों को हेलमेट वितरण किए जाने को लेकर भाजपाईयों ने अब इसकी शिकायत जिले एवं प्रदेश स्तर के भाजपा नेताओं से कर दी है।

### दो लोगों को ही बांटा गया हेलमेट

राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों को हेलमेट वितरण किए जाने पर भाजपाईयों के विरोध को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर केवल दो लोगों को ही वितरण कर हेलमेट वितरण कार्य को रोक दिया गया ।

### हेलमेट वितरण सूची को देखकर भड़के भाजपाई

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में हेलमेट बांटे जाने वाली सूची को देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही थी। आरटीओ विभाग द्वारा जो सूची बनाई गई थी इसमें अधिकांश नाम राजीव युवा मितान से जुड़े पदाधिकारियों के थे। सूची में नाम को लेकर वाद-विवाद की स्थिति भी बनी हुई थी ।

# मदिरा दुकान और बैंक में पुलिस ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



डोंगरगांव (दावा)। मदिरा दुकान में अनावश्यक लड़ाई झगड़ा और सुरक्षा की दृष्टि से डोंगरगांव पुलिस द्वारा 24 फरवरी को औचक निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही शहर के सभी बैंकों में भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी उपेंद्र शाह ने बताया कि बढ़ती उठाई गिरी के चलते बैंकों का निरीक्षण किया गया है, इसके साथ ही बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों को समझाइए दी गई है कि सीसीटीवी चालू रखें, स्कार्फ बांधकर किसी को भी बैंक के अंदर घुसने ना दें, कोई भी संदेही व्यक्ति नजर आए तो इसकी सूचना तत्काल थाने में दें। इसके साथ ही डोंगरगांव के शासकीय मदिरा दुकान में भी निरीक्षण किया गया। जहां 6 क्वार्टर से अधिक शराब न दे, सीसीटीवी चालू रखें और उसका बैकअप रखने की समझाइश दी, इसके साथ ही यदि कोई आदमी बार-बार शराब खरीदने आ रहा है, तो उसे शराब न दें, सेल्समेन द्वारा शराब दुकान का दरवाजा बंद रखा जाए, नहीं तो कोई भी व्यक्ति अंदर घुस सकता है और अपराध को अंजाम दिया जा सकता है।

## पहला कॉलम...

# कार्यकर्ताओं के मेहनत से जीतेंगे लोकसभा - सांसद संतोष पाडे

### भाजपा ने की कुमर्दा में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



छुरिया (दावा)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से अपना विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कुमरदा में चौकी रोड स्थित एक घर पर कर दिया है, इस अवसर मुख्यरूप से नारायण चंदेल जी प्रभारी लोकसभा ने फीता काटकर किया साथ में इस अवसर पर छुरिया, चौकी व कुमरदा मंडल के सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को संतोष पांडे सांसद ने अपने उद्बबोधन मे केंद्र से कराए गए कार्यों से अवगत कराया कि देवादा से हैदराबाद सिक्स लेन एक्सप्रेसवे के लिए चार हजार पांच सौ करोड़ रुपए, लांजी से कुम्हारी ग्रीन एक्स प्रेसवे, मुंगेली से पोंडी नेशनल हाईवे, बालाघाट से राजेगांव वाया खैरागढ़ से कुम्हारी, चार हजार पांच सौ करोड़ और दिव्यांगजनों के लिए केंद्र ने पच्चीस करोड़ रुपए की लागत से बने भवन के बारे में जानकारी दी । इनके अलावा अनेक निर्माण कार्यों को स्वीकृति के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया साथ उन्होंने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत से चुनाव जीतेंगे।

उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चंदेल जी ने भी अपने उद्बोधन में सभी पदाधिकारियों को मिलजुलकर कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने आगे कहा कि ये चुनाव छत्तीसगढ़ के सभी ग्यारह सीट मे जीतेंगे और देश मे चार सौ से ज्यादा सीट भाजपा के पेटे में होंगे, कार्यक्रम को मधुसूदन यादव पूर्व सांसद, दिनेश गांधी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रमेश पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा, श्रीमती गीता साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, चंद्रिका प्रसाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष, रविंद्र वैष्णव जिलामहामंत्री, गोपाल बिष्ट प्रभारी खुज्जी विधानसभा, हिरेंद्र साहू जिलाध्यक्ष किसानमोर्चा, कैलाश शर्मा मंत्री जिला भाजपा, अजय पटेल, बोधन साहू, गुलाब गोस्वामी, जगजीत सिंह भाटिया, संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना का दूसरा चरण

### निरंकारी मिशन द्वारा आज बूढा सागर में सफाई होगी



राजनांदगांव (दावा)। प्रोजेक्ट अमृत के अन्तर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन आज 25 फरवरी दिन-रविवार को प्रातः 8 बजे से सत्गुरू माता सुदिक्षा महाराज एवं राजपिता रमित के आशीर्वाद से बुढा सागर तालाब को स्वच्छ करने के लिए लगभग 150 निरंकारी मिशन के सेवा दल के भाई-बहनों द्वारा अत्यधिक प्रयास किया जाएगा।

संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी जागिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए परियोजना समुचे भारत वर्ष के लगभग 1500 से अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जायेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना हैं ताकि आने वाली पीढियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सकें। बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का आरंभ वर्ष 2023 किया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना हैं। इस परियोजना के अन्तर्गत संपूर्ण भारत वर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदीयों, झीलों, तालाबों, कुँओं, झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया और उन स्थलों की सफाई भी की गई। पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये गए इस परियोजना कि समाज के हर वर्ग द्वारा प्रशंसा एवं सराहना की गई और यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा।

संत निरंकारी मिशन सामाजिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में निरंतर अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, तलासरी बांध परियोजना, वननेस वन, पर्यावरणीय मुद्यों के विषय में जागरूकता इत्यादि जैसी योजनाओं को क्रियान्वित रूप में संचालित कर रहा हैं। निःसंदेह निरंकारी मिशन की ऐसी कल्याणकारी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को और अधिक स्वच्छ, निर्मल एवं सुन्दर बनाया जा सकता हैं। बुढा सागर को स्वच्छ रखने के लिए राजनांदगांव निरंकारी मिशन के संयोजक रूपलाल राजवानी की अध्यक्षता में स्वच्छ किया जाएगा। हर समाज के भाई-बहनों से अनुरोध है कि अगर स्वच्छता अभियान में सहयोग देना चाहे तो निःसंकोच आकर अपना सहयोग प्रदान करें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

# चक्रधर शाह महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव सम्पन्न

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय लाल चक्रधरशाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी में 24 फरवरी दिन शनिवार को पदक वितरण एवं वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अतिथिगण में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष पांडे सांसद, अध्यक्षता भरत वर्मा प्रदेश महामंत्री भाजपा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीताघासी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष मदन साहू, भाजपा जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, राजकिशोर खंडेलवाल, श्रीमती कमलेश सारश्वत, रियाजुद्दीन कुरैशी, राजेश सिंगी, ढालसिंह कौशिक, राजू गुजराती, सुशीला रावटे, ईश्वरी धुर्वे, सतीष शर्मा, संतोष साहू, आशीष द्विवेदी, समीर खान एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती पूजा प्रार्थना से हुआ एवं राजकीय गीत का सम्मान स्वरूप गान हुआ। उद्बोधन में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जे.आर. परतेती ने महाविद्यालय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय में वर्तमान अतिआवश्यक चीजों पर मांग किया। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांसद से मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें प्रमुख रूप से भौतिक, गणित व समाजशास्त्र में नियमित स्नातकोत्तर कक्षाओं का प्रारंभ तथा इनडोर खेल स्टेडियम व ओडेटेरियम थी।

प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को शिक्षा ग्रहण के साथ अच्छे आचरण एवं देश निर्माण में योगदान देने पर प्रेरित किया। सांसद राजनांदगांव संतोष पांडे ने अपने उद्बोधन में संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को हमेशा फिल्टर बने रहेना एवं सबसे अलग रहने को कहा तथा कैरियर के प्रति गंभीर रहने कहा आप लोगों में से कोई सांसद, विधायक, सरपंच, प्रोफेसर, अधिकारी, डॉक्टर बनेंगे संदेश दिया तथा मांग पत्र में से सभी मांगों को सरकार के माध्यम से जल्द से जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

पदक वितरण समारोह एवं वार्षिक उत्सव समारोह में विभिन्न कक्षाओं के गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को और खेल, सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक, एनसीसी, एनएसएस एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन व कार्य करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। साथ ही महाविद्यालय के छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें स्वागत डांस, योगा डांस, छत्तीसगढ़ी डांस, नाटक मंचन, गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। यह समस्त जानकारी छात्र संघ प्रभारी ए एल चंद्रभास सहायक प्राध्यापक ने दी।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी प्राचार्य के आर मांडवी, एन के कुर्रे, मोरध्वज सोनवानी, ओपी राणा, श्रीमती सुमित्रा सोनवानी, श्रीमती अंजली कुंजाम, एस के देवांगन, जे.पी. सूर्यवंशी, मेमन साहू, डी.के. बंजारे, मयंक खंडेलवाल, मनीष कुमार, सुनील नायक, पूजा यादव, लिमेन सिंह, मुकेश कुमार, भारती सोनी, इत्यादि कर्मचारी का सहयोग रहा।

# चरण दास महंत से मिले विष्णु लोधी

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं में सक्रियता बड़ी



डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने राजनांदगांव के दौरे पर रहे विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से मिले और एकांत में चर्चा भी किया। श्री लोधी और श्री महंत की मुलाकात को आगामी लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में देखा जा रहा है।

विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में जोगी कांग्रेस से कांग्रेस में प्रवेश करने वाले कद्दावर नेता विष्णु लोधी पिछड़ा वर्ग से आते हैं और राजनांदगांव लोकसभा ओबीसी बहुल्य क्षेत्र होने और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के पांच विधायक होने का लाभ निश्चित रूप से कांग्रेस प्रत्याशी को मिलने की प्रबल संभावना बनी हुई है। पांच विधायकों में से तीन विधायक ओबीसी के है।

पेंड्री में चल रहे सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए महंत के साथ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री महंत से मुलाकात के बाद श्री लोधी उनके साथ कबीर साहेब जी के सत्संग कार्यक्रम में ग्राम पेंड्री पहुंचे वहां पर विधायक दलेश्वर साहू से भी मिले वहां से वापिस में महंत जी के साथ राजनांदगांव की मेयर हेमा देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष किसन खण्डेलवाल, श्री तिवारी, शाहिद भाई इन सभी के यहां पहुंचे। इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष भागवत साहू, शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, दुर्ग लोकसभा प्रभारी पदम कोठरी, पूर्व विधायक प्रकार यादव, पंकज बांधवा, कवलजित सिंह पिंटू, प्रदीप शर्मा, संजय श्रीवास्तव, शिशुपाल भारतीय, भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या में पार्टी के लोग उपस्थित रहे।

# सीसी रोड का भूमिपूजन किया जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के ग्राम कोटरा में तीन लाख व आश्रित ग्राम तेलीटोला के लिए दो लाख एवं ग्राम पंचायत ब्राह्मण भेड़ी के लिए पांच लाख रुपए का सी.सी. रोड का जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने अपने जिला पंचायत निधि से राशि स्वीकृत कर सी.सी. रोड का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच जोतिश बाई नेताम, सरपंच इंद्रउईके, ग्राम पटेल संतोष कुमार, ग्रामपटेल डोमन साहू, उप सरपंच संजय साहू, मुकेश साहू उपसरपंच, संदीप मेश्राम, चिंता नेताम, राम बाई, कमला बाई, बसंतीबाई, रहिमत बाई, गंगोत्री पदम् बाई, कविता बाई, रूपेश, मनोज सोनवानी, केदार मंडावी, तीरथ मडावी, प्रवीण निषाद पेमन उईके, बिरेंद पिस्दा, कुलेश्वर नेताम, सरस्वती साहू, मीराबाई, गीताबाई, सुभद्राबाई, बसंतीन बाई सहित ग्रामीणजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# आज मुंजालकला में पुरवाही का मासिक काव्य गोष्ठी

राजनांदगांव (दावा)। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया के बैनर तले यारों क्लब के सहयोग से साहित्यकार ओमप्रकाश साहू अंकुर के संयोजन में 25 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से मुंजालकला (कुमर्दा) में मासिक काव्य गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है।

पुरवाही के अध्यक्ष ग्वाला प्रसाद यादव नटखट, सचिव हेमलाल सहारे ने बताया कि प्रथम दौर में 'हम साहित्य क्यों पढ़े और क्यों जाने' विषय पर परिचर्चा रखा गया है। समिति के आगामी कार्य योजना बनाई जावेगी फिर सरस काव्य गोष्ठी का दौर चलेगा। उक्त जानकारी पुरवाही के सदस्य उमेश यादव मतवाला ने दी है।

# आज कोसरिया मरार समाज का सामूहिक आदर्श विवाह

बांधाबाजार (दावा)। खर्चीले विवाह के बजाय सामूहिक आदर्श विवाह करें कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी के 16 संस्कारों में से विवाह संस्कार मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ा संस्कार माना जाता है इसलिए नहीं कि इस संस्कार में आय से अधिक खर्च करके विवाह किया जाए बल्कि इसलिए कि इस संस्कार में परिपक्व वर वधू को समाज द्वारा अनुशासित जीवन जीने की शिक्षा प्रदान किया जाता है जीवन जीने के लिए सामूहिक शक्ति प्रदान की जाती है सुख दुख को समान भाव से देखने की दृष्टि दी जाती है।

विवाह संस्कार को गृहस्थ आश्रम का प्रवेश द्वार एवं जीवन को समझने के लिए हर नर नारी के लिए मिल का पत्थर साबित होता है। यह परिपाटी परंपरा रीति रिवाज हमारे समाज द्वारा बहुत ही सोच समझ के साथ बनाई गई थी। जिसमें वैदिक चरण है यज्ञ हवन है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य को देखें तो विवाह एक फूहड़ता की ओर जा रहा है रीति रिवाज परंपरा वैदिक नीति नियम को उतनी तरजीह ना दे करके हम सब नकलची बंदर जैसा विवाह संस्कार की रस्म अदायगी कर रहे हैं। जितनी हमारी आय नहीं उतनी हम खर्च कर रहे हैं। विवाह तो दो दिलों का मिलन है इसमें बाह्य आडंबर की आवश्यकता नहीं है।

खर्चीली शादियां हमें दरिद्र और बेईमान बनाती है इस ध्येय वाक्य को मानस पटल पर रखकर हमारा समाज विगत 12 -13 वर्षों से सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन कर रही है। सामूहिक आदर्श विवाह सामूहिकता का ही परिचय है समाज के अंतिम व्यक्ति का संपूर्ण सहयोग रहता है। स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान के माध्यम से समाज में भाईचारा एवं शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस वर्ष के आयोजन का ध्येय वाक्य शिक्षा और संस्कार है। समाज में शिक्षा और संस्कार शब्द का प्रचार प्रसार करके समाज को शिक्षित एवं समन्वित विकास की ओर हम अग्रसर कर सकते हैं।

सामूहिक आदर्श विवाह स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 25 फरवरी को होने वाला है कबीर मठ नादिया में सम्पन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू होगें व विशिष्ट अतिथि के रुप पूर्व विधायक छन्नी चन्दू साहू होगें, अध्यक्षता करेंगे श्रीमती उर्मिला पटेल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, राजनांदगांव जिसके लिए सामाजिक बंधूओं को अधिक से अधिक संख्या में आकर विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने कि अपील करते हैं।

# विधायक इंद्रशाह मंडावी के द्वारा भर्रीटोला व अं चौकी में अंबेडकर भवन का उद्घाटन

अंबागढ़ चौकी (दावा)। वनांचल के ग्राम भर्रीटोला विकासखंड चौकी में अम्बेडकर भवन का लोकार्पण आज दिनांक 24 फरवरी को विधायक इंद्रशाह मंडावी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिवंगत प्रेमलाल गणवीर की स्मृति में नीराबाई गणवीर के द्वारा तथागत बुद्ध प्रतिमा समर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वामेश मेश्राम द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमति सविता सोरी, श्रीमती रागिनी सोरी जनपद सदस्य चौकी, मनोज कोरटिया सरपंच अरजकुंड उपस्थित रहे। विधायक द्वारा भगवान बुद्ध और संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया और नवीन अंबेडकर भवन के लिए बौद्ध समाज को अपने बधाई संदेश से अनुग्रहित किए। इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष चुन्नू लाल गणवीर, सचिव झाडू रामटेके, कोषाध्यक्ष यशवंत वाकड़े, महेन्द्र मेश्राम, विजय वाकड़े, कुंजी लाल रामटेके, गुनसागर रामटेके, नरेंद्र वाकड़े, महेश नेताम, मुकेश उके, दर्शन पटेल, रुखमन ठाकुर, राजेश, दिनेश, भक्ता, गरीबदास साहू एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ एनुअल फंक्शन आयोजित

### बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में बीते दिवस एनुअल फंक्शन सृजन का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। खासकर रामायण व स्वच्छता थीम पर डांस परफार्म काफी सराहा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ। पश्चात प्रभारी प्राचार्य नीलेश कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा चेयरमेन गिरीश सोनी ने संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि बसंत पंचमी पर्व से संस्था में न्यू एडमिशन शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में एडमिशन लेने वाले पालकों को एडमिशन शुल्क में छूट दी जा रही है। इसके अलावा स्कूल के इंफ्राटक्चर तथा सुविधाओं में हो रही बढ़ोतरी की भी उन्होंने जानकारी दी। इसके बाद क्लॉस नर्सरी से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के बीच रामायण थीम पर आधारित डांस परफार्मेंस ने खूब तालियां बटोरी। वहीं स्वच्छता का संदेश देने वाली लघु नाटिका ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। लगातार साढ़े तीन घंटे तक चले एनुअल फंक्शन में बड़ी संख्या में उपस्थित पालकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को भी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर आशीष शर्मा, सुनील कुमार पाण्डेय, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष सागर शर्मा, महेश पाण्डेय, शांतनु वैष्णव, बीरेन्द्र राजपूत आदि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बारी-बारी से शिवराज शांडिल्य तथा ऐश्वर्या सिंग ने किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य नीलेश कुमार श्रीवास्तव, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती धन्नी साहू, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, सुमन साहू, प्रीति साहू, उषा साहू, पल्लवी यदु, लक्ष्मी शर्मा, पिंकी देवांगन, महिला देवांगन, माधुरी साहू, नीरज साहू, दानबाई रावटे, परमेश्वरी कंवर, तेज साहू, भूपेन्द्र यादव, ऐश्वर्या ध्रुव, भूमिका पटेल, तामेश्वर साहू, शिव यादव, धनंजय नायक सहित स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

# दुर्गावती एवं बिरसा मुण्डा की तरह अन्याय के खिलाफ संघर्ष करें

कल्लूबंजारी (दावा)। गत दिनों आदिवासी गोंड़ समाज सर्कल कोटरा के तत्वाधान में वीरांगना रानी दुर्गावती एवं भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का अनावरण महाराष्ट्र के कोटरा में हुआ, इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं ने महिलाओं से दुर्गावती एवं पुरूषों से बिरसा मुंडा बनकर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के उदघाटक गोंड़ समाज कोरची के सचिव सियाराम हलामी एवं सर्कल सचिव झाडू राम हलामी, सह उदघाटक गोंड़ समाज कोटरा के सर्कल अध्यक्ष बलियार मंडावी, कार्यक्रम के अध्यक्ष सर्कल सचिव कार्तिक मंडावी, ध्वजारोहक कोटरा सर्कल के मोकाशी सामसाय कोरेटी, प्रतिमा अनावरक कोटरा के सरपंच शांताबाई मंडावी एवं गोंड़ समाज कोरची के महिला प्रभाग अध्यक्ष कचरीताई काटेंगे रही। प्रमुख अतिथि वक्ता अधिवक्ता दिनेश सहारे, सामाजिक कार्यकर्ता देवाजी तोफा, प्राध्यापक संतोष मंडावी, डॉ.राजकुमार कोरेटी, गोंड़ी साहित्यकार उषा किरण आत्राम, गोंड़ महासभा मोहला के अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर एवं ब्लाक गोंड़ समाज ईस्तारी के अध्यक्ष बाबूराव हिड़को, विशेष अतिथि गढ़चिरौली के



महाराष्ट्र के कोटरा में दुर्गावती एवं बिरसा मुंडा के प्रतिमा का हुआ अनावरण

पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल केरामी क्रान्ति, सर्कल अध्यक्ष, सर्कल सचिव गण एवं प्रमुख अतिथि के रूप में कोटरा सर्कल के समस्त समाज प्रमुख गण, सरपंच गण, ग्रामसभा के अध्यक्ष गण एवं सामाजिक कार्यकर्ता गण रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा अर्जी, ध्वजारोहण व दुर्गावती एवं बिरसा मुंडा के प्रतिमा अनावरण एवं बिरसा मुंडा, डॉ.बीआर अंबेडकर एवं सावित्री बाई फुले के छायाचित्र का सेवा अर्जी के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रमुख अतिथि वक्ता दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि विभिन्न राज्यों एवं राष्ट्रीय स्तर पर देखा जाय तो आदिवासियों के साथ सबसे ज्यादा अन्याय अत्याचार एवं शोषण हो रहा है। इस अन्याय अत्याचार एवं शोषण के मुक्ति पाने के लिए समाज के प्रत्येक महिला को रानी दुर्गावती एवं प्रत्येक पुरूष को बिरसा मुंडा बनकर संघर्ष करना होगा। श्री दिलेर ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा राजा महाराजा गोंड़ समाज के रहें है। हम भी गोंड़ राजा महाराजा के वंशज हैं लेकिन सबसे ज्यादा अन्याय, अत्याचार एवं शोषण हमारे साथ ही क्यों होता है? ये चिंतन का विषय है। आदिवासी जल-जंगल-जमीन के स्वामी कहलाते है लेकिन हम आदिवासियों के हाथों से जल-जंगल-जमीन सब कुछ धीरे-धीरे निकलता जा रहा है। इसके लिए गोंड़ समाज के लोगों को शिक्षित होकर संगठित होना होगा तथा संगठित होकर संघर्ष करना होगा। श्री दिलेर ने अपने मौलिक रचना प्रस्तुत कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। गोंड़ महासभा मोहला के अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम ने कहा कि हमारे कोयतुर गोंड़ समाज के सभी गोत्रजों का अपना अलग-अलग बूढ़ालपेन होता है। जिसे जानने एवं समझने की आवश्यकता है। टोण्डा, मण्डा एवं कुण्डा हम गोंड़ों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान है जिसे मूल रूप में बचाना होगा। देवाजी तोफा ने कहा कि ग्रामसभा ऊंची सभा है जिसे एकजुट होकर मजबूत बनाने की आवश्यकता है। आजकल फर्जी ग्रामसभा का प्रचलन बढ़ गया है जोकि पेशा कानून नियम के विपरीत है। इसलिए लोगों को ग्रामसभा के अधिकार के प्रति जागरूक होने की जरुरत है। दिनेश सहारे, संतोष मंडावी, डॉ.राजकुमार कोरेटी, उषा किरण आत्राम, बाबूराव हिड़को एवं अनिल केरामी क्रान्ति ने सभा को संबोधित कर लोगों को अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

## वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के संबंध में 27 को कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष संचालित किए जाने वाले वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के प्रति जागरूकता लाने और इकाइयों द्वारा वेब पोर्टल पर वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की स्वयं विवरणियां दर्ज करने के लिए संवेदनशीलता जागृत करने हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय उप क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग द्वारा 27 फरवरी को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित (वेब पोर्टल) पर कार्यशाला का आयोजन किया किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमहानिदेशक एवं सांख्यिकी प्राधिकारी राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय रायपुर रोशन लाल साहू द्वारा की जाएगी।

# महतारी वंदन योजना के तहत अनन्तिम सूची जारी

बालोद (दावा)। महिलाओं को आर्थिक सम्बल प्रदान करने हेतु राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है। जिसके तहत पात्र महिलाओं को 01 हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत बालोद जिले में 2.53 लाख से अधिक महिलाओं द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त समस्त आवेदन पत्रों के सत्यापन उपरान्त राज्य शासन द्वारा महिलाओं की अन्तिम सूची जारी कर दी गई है।



0 दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 25 फरवरी

यह सूची प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा वार्ड कार्यालयों में आम जनता के अवलोकन हेतु चस्पा कर दी गई है। इस सूची में आवेदनकर्ता महिला से संबंधित जानकारियां अंकित है जो संबंधित महिला ने आवेदन करते समय अपने आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत की थी। उपरोक्त अनन्तिम सूची पर दिनांक 25 फरवरी को शाम 06 बजे तक दावा-आपत्तियां संबंधित ग्राम पंचायतो अथवा वार्ड कार्यालयों में प्रस्तुत की जा सकती है।

दावा आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु राज्य शासन द्वारा ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनो प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु संबंधित आवेदक को राज्य शासन के महतारी वंदन योजना के पोर्टल पर जाकर ऑनलाईन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के समय उसके मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसकी एण्ट्री करने पर दावा आपत्ति का फार्म खुल जाएगा। फार्म में आवश्यक प्रविष्टियां करते हुए वांछित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा। दावा आपत्ति पंजीकृत होने की सूचना आवेदक को उसके मोबाईल नंबर पर प्राप्त होगी। इसी प्रकार आफलाईन आवेदन करने वाले आवेदकों को संबंधित ग्राम पंचायतों अथवा वार्ड कार्यालयों मे जाकर आवेदन पत्र वांछित अभिलेखों सहित प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आवेदक का नाम, पता तथा मोबाईल नंबर दिया जाना अनिवार्य होगा। आवेदक को दावा-आपत्ति के समर्थन में अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

इस प्रकार आफलाईन प्राप्त दावा-आपत्तियों को संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी अथवा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा अपने लॉगिन से सॉफ्टवेयर में अपलोड भी किया जाएगा। जिसकी सूचना संबंधित आवेदक को उसके द्वारा दिये गये सक्रिय मोबाईल नंबर पर भी प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि दावा आपत्तिकर्ता को जिस महिला के संबंध में दावा आपत्ति करनी है उसका पंजीयन क्रमांक देना अनिवार्य होगा। यह पंजीयन क्रमांक अन्तिम सूची में प्रत्येक महिला हेतु युनिक नंबर के रूप में अंकित किया गया है। इन दावा आपत्तियों का निराकरण ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय निकायों में पृथक-पृथक गठित आपत्ति निराकरण समिति द्वारा किया जाएगा।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से मिले रमन राजपूत

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह से विधानसभा भवन में - सोमनी के भाजपा नेता व पूर्व सरपंच रमन सिंह राजपूत ने भेंट कर ग्राम के कुछ समस्याओं जिनमें प्रमुख रूप से नया पंचायत भवन निर्माण के बारे में बताया कि पूर्व पंचायत भवन व ग्रामीण सचिवालय भवन खण्डहर हो चुका है, वर्तमान पंचायत भवन काफी छोटा है, जिससे पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों को काफी असुविधा होती है। अतः जनहित में नया पंचायत भवन निर्माण अत्यंत आवश्यक है, डॉ. सिंह ने गंभीरता से बात सुनने के उपरांत कलेक्टर राजनांदगांव को निर्देशित करने की बात कही। उसके अलावा भाजपा नेता रमन सिंह ने डॉ. रमन सिंह को बताया कि



शासकीय प्राथमिक शाला भवन भी खंण्डहर हो चुका है, एक नया प्राथमिक शाला भवन निर्माण हेतु स्वीकृत प्रदान करने का आग्रह किया। ग्राम में मुण्डन संस्कार हेतु तालाब किनारे मंच निर्माण कराने का आग्रह किया। वर्षा ऋतु में शोकाकुल परिवारों को उक्त संस्कार हेतु काफी असुविधा होती है, मुण्डन संस्कार हेतु मंच निर्माण होने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी।

इस अवसर पर उनके साथ छ.ग. राजपूत क्षत्रिय महासभा पं. क्र. 1282 के पूर्व अध्यक्ष होरी सिंह डौड़, भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर, युवा भाजपा नेता संतोष यादव, नेपाल साहू, चन्दन कश्यप, गजेंद्र बंजारे, देवेंद्र मैथिल क्षत्री, नरोत्तम बंजारे, हरिशंकर देशमुख, दिनेश देशलहरे, कल्याण साहू सहित आंचलिक ग्रामों के कार्यकर्तागण उपस्थित थे। ग्राम के युवा भाजपा नेता व पूर्व सरपंच संतोष यादव ने भी पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ग्राम के कुछ समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

# नांदगांव जिले में 98 प्रतिशत धान का उठाव... मोहला-खैरागढ़ में हालत खराब

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित राजनांदगांव जिले में 14 फरवरी से धान की खरीदी बंद होने के बाद भी सोसायटियों में जाम धान के उठाव के मामले में सम्बंधित विभाग फिसड्डी साबित हो रहा है। हांलाकि राजनांदगांव जिले में लगभग 98 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। लेकिन सबसे खराब हालत मानपुर-मोहला जिले व खैरागढ़ जिले की है। यहां लगभग 70 प्रतिशत धान का उठाव नहीं हुआ है। पटेवा, भैसातरा, मुरमुंदा, घुमका आदि क्षेत्र की सोसायटियों में 70 प्रतिशत धान का अभी तक उठाव नहीं हो पाया है जिसके कारण सूखत का खतरा मंडराने लगा है। बताया जाता है कि समिति प्रबंधकों द्वारा स्थानीय प्रशासन का ध्यान आत्कृष्ट करने के बाद भी उठाव में गति नहीं लाई जा रही। जिला सहकारी/कर्मचारी समिति संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि समय-समय पर समिति प्रबंधकों द्वारा विभागीय अधिकारियों को पत्र लिख कर धान का उठाव जल्द से जल्द कराने की मांग की जा रही है। इसके बाद भी प्रबंधकों की मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

- 70 प्रतिशत धान का नहीं हुआ उठाव... मंडरा रहा सूखत का खतरा
- उठाव के लिए समिति प्रबंधकों ने लिखे पत्र

### 10 लाख क्विंटल धान शेष

बता दे कि राजनांदगांव जिले में गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 2023-24 में रिकार्ड धान की खरीदी की गई। जिला सहकारी बैंक सूत्रों के अनुसार जिले में एक लाख 23 हजार 131 पंजीकृत किसानों से कुल 70 लाख 82 हजार 93.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। उसके साथ-साथ मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले की सोसायटियों के माध्यम से भी 40293 पंजीकृत किसानों से 21 लाख 71 हजार 884.80 क्विंटल धान खरीदा गया।

वही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 65280 पंजीकृत किसानों से 38 लाख 61 हजार 702 क्विंटल धान खरीदा गया। लेकिन समय पर परिवहन नहीं होने के कारण अभी भी समितियों में 10 लाख क्विंटल धान शेष होना बताया जा रहा है।

# पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 का समापन

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव स्थित इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ मैदान में खेले जा रहे पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का विजयी खिताब कोरबा पश्चिम के नाम रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम ने राजनांदगांव क्षेत्र को 6-0 से हराकर एकतरफा जीत हासिल की।



राजनांदगांव को 6-0 से हराकर कोरबा पश्चिम बना सरताज

कोरबा पश्चिम की ओर इस प्रतियोगिता शानदार फार्म में चल रहे सुशांत कटकवार ने विपक्षी रक्षापंक्ति को भेदकर पहला गोल करते हुए अपनी टीम को मजबूती प्रदान की। फर्स्ट हाफ में कोरबा पश्चिम ने मैच में जबरदस्त आक्रामण करते हुए लगातार 4 मैदानी गोल दागे और मेजबान राजनांदगांव की टीम को संभालने का मौका ही नही दिया, जिससे उन्होने 4-0 की बढ़त बनाई। सेकेण्ड हाफ में कोरबा पश्चिम ने विपक्षी टीम की रक्षापंक्ति को भेदते हुए दो और गोल कर दिये। मैच के फर्स्ट हॉफ और सेकण्ड हॉफ में राजनांदगांव क्षेत्र की टीम ने मैदानी एवं पेनाल्टी कॉर्नर से कई अवसर बनाये परन्तु वे मौके को गोल में तब्दील नहीं सके। जिससे कोरबा पश्चिम की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब पर 6-0 कब्जा कर लिया।

क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में 21 से 23 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता कोरबा की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही राजनांदगांव की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अभियंता श्री मेश्राम ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने तीन दिनों तक हॉकी की नर्सरी में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयास और मेहनत ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता एस.के. शर्मा, के.सी. खोटे, क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के सचिव कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके, कार्यपालन अभियंता एस0के0 चन्द्राकर, एम0के0 साहू, आलोक दुबे, आर0के0 गोस्वामी, एन0के0 साहू,, पीआरओ डी0एस0 मंडावी, डी0 दिलेश्वर राव, अनिल मिंज, चन्द्रभान ठाकुर, हिरदेर राम कंवर, वीरेन्द्र देवांगन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

इस अंतरक्षेत्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले निर्णायक मंडल के अनुराज श्रीवास्तव, किशोर धीवर, शकील अहमद, कृष्णा यादव, गुमान साहू, एवं अभिनव मिश्रा को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

***पीएम नरेंद्र मोदी ने 34 हजार 427 करोड़....***

लागत से भिलाई में 50 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट और 303 करोड़ रूपए की लागत से बिलासपुर-उसलापुर फ्लाईओवर का लोकार्पण शामिल है। 50 मेगावाट सोलर प्लांट की स्थापना से रेलगाड़ियां चलाने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग होगा, हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। बिलासपुर-उसलापुर फ्लाईओवर (10.5 किलोमीटर) 303 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। हावड़ा की ओर से आने वाली सभी ट्रेनें बिलासपुर यार्ड से बिना किसी क्रॉसमूवमेंट के और हावड़ा-मुंबई रूट पर आवाजाही में कोई बाधा उत्पन्न किए बिना सीधे कटनी की ओर जा सकेंगी। इससे बिलासपुर में यातायात का दबाव कम होगा। साथ ही ट्रेनों की गतिशीलता में वृद्धि होगी, कृषि उत्पादों की बाजार तक आसानी से पहुंच होगी। नवनिर्मित बिलासपुर-उसलापुर रेल ओवर रेल फ्लाई ओवर पर बिलासपुर से फ्रेट ट्रेन से होकर बिलासपुर से मालगा?ी को हरी झंडी भी दिखाई । 0 शिलान्यास कार्य- प्रधानमंत्री ने ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत रायगढ़ में लारा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्टेज-2 (2×800 एमडब्ल्यू) का शिलान्यास किया। यह परियोजना क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेगी। यह परियोजना आस-पास के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास (जैसे पहुंच मार्ग, जल निकासी, संचार, परिवहन सुविधाएं इत्यादि) और सामाजिक अधोसंरचना (जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली) की उपलब्धता में और सुधार करेगी।

**0 सीएम साय ने जताया आभार-** इससे पहले कृषि मंत्री रामविचार नेताम और मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्वागत किया। कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुरूप मुख्यमंत्री के साथ छत्तीसगढ़ को संवारेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया। सीएम साय ने कहा कि पीएम आज छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का सौगात दे रहे हैं। मैं छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आपके प्रति आभार प्रगट करता हूँ। आपका स्नेह और अनुग्रह हमेशा हमारे ऊपर रहता है। छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी गारंटी पर भरोसा किया। आपकी गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हम अग्रसर हुए हैं। 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। 3716 करोड़ रुपए की दो साल की बोनस राशि किसानों को दी है। साथ ही 3100 रुपए धान की कीमत देने का वायदा था इसे पूरा किया। विवाहित महिलाओं को साल का बारह हजार रुपए देने का वायदा पूरा करने का निर्णय भी हमने लिया है।

**हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए तत्पर-** उन्होंने कहा कि विकसित भारत में हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाने हम तत्पर हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ हुई। इसमें प्रदेश के बड़ी संख्या में लोग आये। हमारे छत्तीसगढ़ में जो पांच विशेष पिछड़ी जनजाति हैं इनके लिए 15 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं। इनके बसाहट के लिए आवागमन की सुविधा हो, इसके लिए सड़कों स्वीकृति हुई है। इस योजना में पीवीजीटी लोगों के 366 बसाहटों में रोड पहुंचेगा। मैं आपका बहुत आभार प्रगट करता हूँ कि आपने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को संबल प्रदान किया है। लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। 0 एक नजर में जंजगिरी रेलवे सोलर पॉवर प्लांट - भिलाई में 280 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित रेलवे सोलर पॉवर प्लांट की क्षमता 50 मेगावाट है। यह सोलर पावर प्लांट सौर ऊर्जा से रेल गाड़ियों का परिचालन, ग्रीन इनर्जी, क्लीन इनर्जी के संकल्पना का विकास, कार्बन डायऑक्साइड के उत्सर्जन में प्रतिवर्ष 86 हजार टन की कमी और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे से निपटने में सहायक होगा। दुर्ग और रायपुर के बीच सौर ऊर्जा से रेलगाड़ियां चलेंगी। इसके साथ ही रेलवे के आवासों में भी यहीं की बिजली का उपयोग किया जाएगा। रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के सहयोग से चेन्नई की एक कंपनी ने 50 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित है किया है, सौर ऊर्जा से बिजली पैदा होगी और पॉवर ग्रिड के माध्यम से रेलवे को इसकी सप्लाई की जाएगी।

***ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिरी....***

पायल (दो माह), लड्डू (3), अंजलि ( 24) और जविता (25) और राहुल (06) के तौर पर की गयी है। उन्होंने बताया कि घायलों में दिंव्यांश (10), वैवी (8) को गंभीर हालत में जेएन मेडिकल कालेज अलीगढ़ रेफर किया

## प्रथम पृष्ठ का शेष

गया है जबकि अवनीश (60) को कासगंज जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। अर्पित (11), मोनिका (16), पायल (8) और राजपाल (45) को उपचार के बाद जिला अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। एटा के जिला अधिकारी प्रेम रंजन सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश कुमार सिंह ने कसा गांव का दौरा कर मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बधाया। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी मृतकों का दाह संस्कार जिला प्रशासन कराएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गयीं हैं।

***भाजपा मुख्यालय में लोकसभा चुनाव ...***

सीटों को बढ़ाने पर है। वह चाहते हैं कि हम इस बार वह सीटें जीतें जिन पर 2019 में हार का सामने करना पड़ा था। उनका मानना है कि उस समय परिस्थितियां कुछ और थीं, क्यों कि सपा और बसपा ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा था।

***राजिम कुंभ मेले का शुभारंभ....***

राज्य सरकार राजिम कुंभ की विशिष्टता और भव्यता को उसके मूल स्वरूप में लौटाने जा रही हैं. इसके लिए 'राजिम माघी पुन्नी मेला' को 'राजिम कुंभ कल्प' का नाम दिया है. राजिम कुंभ कल्प इस साल 24 फरवरी माघपूर्णिमा से 8 मार्च महाशिवरात्रि तक आयोजित होगा. इस साल राजिम कुंभ कल्प को रामोत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस बार अयोध्या राममंदिर की थीम पर राजिम कुंभ मेले का आयोजन हुआ है. इस बार के कुंभ को रामोत्सव राजिम कुंभ का नाम दिया गया है. यहां अलग-अलग राज्यों से संत महात्मा पहुंच रहे हैं। भक्तों की भीड़ को देखते हुए यहां तकरीबन 15सौ से अधिक जवानों की तैनाती के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

***रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ रुपये...***

सरकार के प्रयासों का फल मिलना शुरू हो गया है। रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। पहले भारत को हथियार आयातक के रूप में जाना जाता था। लेकिन आज हमने शीर्ष -25 हथियार निर्यातक देशों की सूची में जगह बना ली है। रक्षा निर्यात 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अग्निपथ योजना के बारे में रक्षा मंत्री ने क्या कहा?- रक्षा मंत्री ने अग्निपथ योजना के बारे में कहा कि इसका लक्ष्य देश की सेना को दुनिया की मजबूत सेनाओं में से एक बनाना है। उन्होंने कहा, हमारे युवाओं की क्षमता असाधारण है। हम जल्द ही असाधारण लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में रोमांचक यात्रा शुरू करेंगे। सरकार जहां बड़ी कंपनियों की मदद कर रही है, वहीं वह स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं को रक्षा क्षेत्र में आमंत्रित कर रही है। 20-25 वर्षों में ये कंपनियां अपने नवाचारों के दम पर वैश्विक मंच पर भारत की मजबूत पहचान को नया आयाम देने में मदद करेंगी।

**पदक जीतने वाले सैन्यकर्मियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार-** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले साल चीन के हांग्झू में आयोजित 19वें एशियाई खेलों और चौथे एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले सशस्त्र बलों के जवानों के लिए 25 लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि एशियाई खेलों के साथ-साथ एशियाई पैरा खेलों दोनों के लिए, स्वर्ण पदक विजेताओं को 25 लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को 15 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 10 लाख रुपये का नकद इनाम मिलेगा।

***तेजी से बढ़ रही अवैध कालोनियों ....***

जिसे राज्य स्थापना के दिन 1 नवंबर 2024 को जनता को समर्पित किया जाएगा, जिसना नाम 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विज-2047 'रखा जाएगा। पेंशन व सेवानिवृत्ति के लिए 7729 करोड़ रुपये- शासकीय सेवकों के पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ के भुगतान के लिए 7,729 करोड़ 14 लाख रुपये का प्रविधान बजट में शामिल है। इससे राज्य के लगभग 1 लाख 31 हजार पेंशनरों को नियमित रूप से पेंशन, परिवार पेंशन, सारांशीकरण की राशि, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण का भुगतान किया जाएगा। इसमें पेंशन निधि के लिए 340 करो? का प्रविधान भी शामिल है। विधायकों ने कहा-पुराने नियम निरस्त हो- आवास एवं पर्यावरण विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने सदन में कहा कि पर्यावरण विभाग में एक ऐसे भी अधिकारी हैं, जो बाडीगार्ड लेकर चलते हैं। इससे अधिकारी की आय का अंदाजा लगाया जा सकता है। विभाग में जनप्रतिनिधियों की सुनी नहीं जा रही है। प्रदूषण का खतरा बढ़ते जा रहा है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में बनाए गए नियमितीकरण व अवैध से वैध करने के नियमों को रद कर देना चाहिए। साथ ही मास्टर प्लान की भी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने ऐसा नियम लाया जिसमें गाड़ियों को सड़क पर पार्किंग करने की छूट दी गई। अवैध व्यवसायिक काम्पलेक्सों को वैध करने मामूली राशि लेकर पार्किंग की छूट दी गई भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि जिस सड़क चौड़ीकरण में करोड़ों का मुआवजा सरकार देने वाली है। कांग्रेस ने मास्टर प्लान में उन सभी सड़कों की दुर्गति की है। एक्सप्रेस-वे के अप्रोच रोड से अवैध निकासी कांग्रेस शासनकाल में की गई। सरकार को इन पर बड़ा जुर्माना लगाना चाहिए।

***स्टेट जीएसटी विभाग की कार्रवाई....***

जमा किए। अग्रवाल स्टील एंड पाइप रायपुर पर भी अधिकारियों की ओर से छापा मार कर 30 लाख रुपये जमा कराया गया। स्काइ अलोय एंड पावर लिमिटेड रायगढ़ में जांच पर स्टॉक में अंतर, टर्नओवर छिपाने और गलत आई टीसी लेना पाया गया। व्यवसायी ने 60 लाख रुपये टैक्स तुरंत जमा कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी आगे दस्तावेजों की जांच से टैक्स की राशि और बढ़ेगी। दुर्ग के पिलानिया इंडस्ट्रीज और पिलानिया स्टील्स पर भी छापेमारी की गई यहां भी टर्नओवर कम दिखाकर कम टैक्स जमा किए जाने की बात सामने आई है।

श्याम स्टील इंडस्ट्रीज, ईश्वर इस्पात और ईश्वर टीएमटी की ओर से कच्चे मे स्क्रैप की खरीदी कर सरिया बनाया जा रहा था और जीएसटी की चोरी की जा रही थी। श्याम स्टील इंडस्ट्रीज ने 5 करोड़ रुपये का जीएसटी कम जमा करना स्वीकार करते हुये 3 करोड़ रुपये टैक्स मौके पर ही जमा किया गया इसश्री तरह ईश्वर इस्पात और ईश्वर टीएमटी ने भी 46 लाख रुपये और 1.25 करोड रुपये का टैक्स तत्काल जमा किया। जांजगीर के अधिकारियों की टीम ने रेफेक्स इंडस्ट्रीज के ऑफिस में भी जांच की है। यह फर्म पावर प्लांट से कोल एश की हैंडिलिंग के साथ-साथ कोयले की ट्रेडिंग से भी जुड़ी हुई है। कंपनी का मुख्यालय चेन्नई में है यहां केवल कर्मचारी काम देखते हैं। इसमे भी बडी कर चोरी पकड़े जाने की संभावना है।

# शहर में उठाई गिरी की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस का बैंकों में सघन चेकिंग अभियान



पुलिस बैंकों में पहुंचकर में परखी सुरक्षा व्यवस्था बैंक अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले में बढ़ रही उठाई गिरी की घटनाओं को देखते हुये पुलिस द्वारा दलबल सहित बैंकों में पहुंचकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

बताया जाता है कि इस तरह की घटनाओं को बाहरी गिरोह द्वारा अंजाम दिया जाता है, इसलिये संदिग्धों की चेकिंग किए जाने हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को बैंकों में पहुंचकर जहां गार्ड नहीं है, सीसीटीवी नही लगा है वहां बैंक अधिकारियों को गार्ड की व्यवस्था की जाने व सीसीटीवी लगाने की हिदायत दी गई। वहीं उन्हें बैंक में कोई भी व्यक्ति संदिग्ध दिखने पर पुलिस को सूचना देने हेतु कहा गया। पुलिस की इस सघन चेकिंग की कार्रवाई में बैंकों में आने वाले लोगों से भी पूछताछ की गई। इसके अलावा सायबर क्राईम से सचेत रहने हेतु बैंक को अपने ग्राहकों को जागरूक करने हेतु कहा गया। यही नहीं पुलिस द्वारा बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, डबल लॉक की स्थिति, लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकी से चेक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बता दें कि शुक्रवार 23 फरवरी को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने दलबल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, सुरक्षा कर्मियो की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारिकी से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई तथा सभी बैंकों को निर्देशित किया गया की अपने ग्राहकों को ऑनलाइन फ्राड के संबद्ध में जागरूक करें आवश्यकतानुसार पोस्टर आदि एटीएम, बैंक के ऑफिस में लगाने हेतु कहा गया।

# जारवाही तालाब से निकला दिव्य प्राचीन जलहरी शिवलिंग निकालने पहुंच रहे जगदगुरु शंकराचार्य



0 पूजा अर्चना के लिए उमड़ी लोगों की भीड़
0 एक मार्च को प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पहुंच रहे जगतगुरु
0 रुद्र महायज्ञ व श्री राम कथा आयोजित,

राजनांदगांव (दावा)। **जिला मुख्यालय से 25 कि.मी. दूर सुकुलदैहान मार्ग में मुड़िया मोहारा रोड पर स्थित ग्राम जारवाही तालाब में शिवलिंग मुक्त दिव्य प्राचीन जलहरी निकलने से गांव में लोगों की भीड़ बढ़ गई है और आसपास में श्रद्धा-भक्ति का माहौल निर्मित हो गया है।**

लोग रोजाना बड़ी संख्या में इस चमत्कारिक जलहरी का दर्शन करने आ रहे हैं। ग्राम के लोगों ने बताया कि निकटस्थ ग्राम पुरैना में पधारे जगद्‌गुरु शंकराचार्य के शिष्य स्वामी आत्मानंद महाराज को जारवाही तालाब समीप कुछ दिव्य चीज का आभास होने पर अपने आदमी भेज कर तालाब क्षेत्र में शिव लिंग को धरती के अंदर दबे होने का पता लगवाया। गांव वालों ने तालाब से संबंधित कई फोटो भी महाराज जी को भिजवाए किंतु महाराज संतुष्ट नहीं हुए और स्वयं मौके पर पहुंच कर ध्यान लगाया और अंतर्दृष्टि से महसूस किया कि तालाब में एक स्थान पर शिव लिंग पांच-छह फुट धरती के अंदर दबा पड़ा है। जहां पर मंदिर बनाने का निर्देश देकर महराज जी चले गए। आगामी महाशिवरात्रि के अवसर पर महाराज नवनिर्मित मंदिर में तालाब से निकले उक्त जलहरी के उपर पूरे वैदिक-विधि से दिव्य शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे।

## रुद्र महायज्ञ व श्री राम कथा आयोजन

गांव वालों ने बताया कि ग्राम में हजारों वर्ष पुराने उक्त स्वयं सिद्ध शिवलिंग के जागृत होने के उपलक्ष्य में 1 मार्च से 8 मार्च तक यहां महा शिवरात्रि पर्व का भव्य धार्मिक आयोजन किया गया है। जहां हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे। बताया गया कि जगद्रुरु शंकराचार्य आत्मानंद सरस्वती महाराज भगवान शिव के दिव्य लिंग स्वरूप का दर्शन करने व रुद्राभिषेक सहित श्री राम कथा करने के लिए बगैर एक पैसे लिए आ रहे है। यही नहीं महाराज जी स्वयं अपने खर्चे पर सागर से विशाल डोम मंगवा कर गद्दे, कनात शामियाना सांउड सिस्टम आदि करवा रहे हैं। उक्त स्थल में महाराज जी द्वारा 5 से 8 मार्च तक दिव्य शिव लिंग की प्राण-प्रतिष्ठा व महाशिवरात्रि पूजन का भव्य कार्यक्रम आयोजित है।

# महतारी जतन: सेहतमंद शिशु के लिए खैरागढ़ विश्वविद्यालय का सार्थक प्रयास : केशर के घर किलकारी की गूंज

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में गर्भवती माताओं और उनके गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रम 'महतारी जतन' के तीसरे फेज को सराहनीय प्रतिसाद मिल रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित अभ्यास में शामिल महिलाओं को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है। आज ही खैरागढ़ निवासी श्रीमती केशर यादव को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। परिवारजनों ने इसके लिए 'महतारी जतन' कार्यक्रम और विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय की ओर से बधाई और शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए माता और शिशु दोनों के स्वस्थ, उज्जवल और दीर्घायु जीवन की कामना की गई है।

उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम लगभग 4 वर्ष पहले शुरू किया गया था। बीच में कोरोना के कारण बाधित हुआ, लेकिन अब नियमित रूप से जारी है। कार्यक्रम की संयोजिका और कथक विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिवाली सिंह बैस ने बताया कि कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता (मोक्षदा) चंद्राकर के संरक्षण और कुलसचिव प्रो डॉ. नीता गहरवार के निर्देशन में यह कार्यक्रम लगातार जारी है। हितग्राही गर्भवती महिलाएं उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में हिस्सा ले रही हैं।डॉ. शिवाली ने बताया कि महतारी जतन कार्यक्रम के अंतर्गत सप्ताह के 2 दिन पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को विश्वविद्यालय परिसर में एकत्र किया जाता है। लगभग 2 घंटे के क्लास में उन्हें ऐसे संगीत सुनाए जाते हैं जो गर्भवती माता के साथ गर्भस्थ शिशु के लिए भी लाभप्रद हो। इसके अतिरिक्त योग, सत्संग, भजन, कुछ चुनिंदे आसन आदि बताए जाते हैं। उन्हें घर से लाने और वापस घर पहुंचाने की व्यवस्था भी विश्वविद्यालय की तरफ से की जाती है। इसके अलावा महिलाओं को पौष्टिक आहार भी दिया जाता है। एक चरण का कार्यक्रम लगभग 6 से 7 माह का होता है। इस कार्यक्रम से गर्भवती माताओं और गर्भस्थ शिशु को शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से लाभ मिलता है।

इस कार्यक्रम में अब तक लगभग 50 महिलाओं को लाभ मिल चुका है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय की तरफ से संयोजिका डॉ. शिवाली सिंह बैस, डॉ. खुशबू बिसेन, डॉ. लिकेश्वर वर्मा, डॉ. जगदेव नेताम, जनसंपर्क अधिकारी विनोद डोंगरे, अनेक शोधार्थी, विद्यार्थी और अधिकारी कर्मचारी सतत रूप से सक्रिय हैं। इसके अतिरिक्त खैरागढ़ बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन और उनकी टीम का भी सहयोग मिलता रहता है।

# सीधे भवन अनुज्ञा प्रकरण में बकाया अदायगी शुल्क जमा करने आयुक्त ने थमाई नोटिस




प्रकरणों में 31 निजी वास्तुविद, इंजीनियर का लायसेंस हुआ था रद्द

राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार 5 हजार वर्गफीट आवासीय भवनों में 1 रू. प्रक्रिया शुल्क में जारी डायरेक्ट भवन अनुज्ञा के प्रकरणों में बकाया अदायगी शुल्क जमा नहीं करने पर 93 भूखण्ड स्वामी तथा डायरेक्ट भवन अनुज्ञा के अतिरिक्त अन्य प्रकरणों में आंशिक विकास शुल्क के रूप में जमा होने वाली अदायगी राशि जमा नहीं करने पर 142 भूखण्ड स्वामी को निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया है। इन्ही प्रकरणों में पूर्व में 31 निजी पंजीकृत वास्तुविद, इंजीनियर एवं पर्यवेक्षक के अनुज्ञप्ति को रद्द कर उनकी आई.डी. बंद कर उनका नाम काली सूची में दर्ज करने आदेश जारी किया गया है।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों को भवन निर्माण में सुविधा प्रदान करने 1 रूपया प्रक्रिया शुल्क में डायरेक्ट भवन अनुज्ञा देने का प्रावधान किया है, प्रावधान अनुसार मकान निर्माण करने पंजीकृत वास्तुविद के माध्यम से लोग भवन अनुज्ञा लेने आवेदन कर रहे है। आवेदन उपरांत उन्हें छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 366 की उप धारा (3) के तहत भवन अनुज्ञा प्रदान की गयी। अनुज्ञा उपरांत अनुज्ञा शुल्क सहित अन्य आवश्यक शुल्क भूस्वामियों को अदा करना था, किन्तु इनके द्वारा शुल्क अदा नही किया गया, जिस पर सीधे भवन अनुज्ञा प्रकरण के 93 भूखण्ड स्वामी एवं सीधे भवन अनुज्ञा के अतिरिक्त विकास शुल्क जमा करने 142 भूखण्ड स्वामी को निगम के भवन नजूल शाखा द्वारा समय समय पर नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुज्ञा के लिये वास्तुविद इंजीनियर भवन अनुज्ञा आवेदन करने भूखण्ड स्वामी का अधिकृत आवेदक होता है, उनके द्वारा भी शुल्क अदा नही की गयी जिसके लिये उन्हें भी नोटिस जारी किया गया था। किन्तु उनके द्वारा नोटिस उपरांत भी बकाया शुल्क अदा नहीं किया गया। जिससे निगम को 2 करोड़ 51 लाख की वित्तीय क्षति हुई है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 235 भू स्वामियों को 7 दिवस के भीतर बकाया अदायगी शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया गया है। शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित का भवन अनुज्ञा निरस्त माना जावेगा तथा निगम के स्वीकृति के आभाव में निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, जोकि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 239 के उल्लंघन के विरूद्ध धारा 302 एवं 307 के तहत वैधनिक कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इन्ही प्रकरणों में शुल्क अदा नहीं करने पर 31 वास्तुविद, इंजीनियर व पर्यवेक्षक का आई.डी. बंद कर लायसेंस रद्द कर नगर निगम में अनुज्ञा आवेदन करने सदा के लिये प्रतिबंध लगाया गया है, जिनमें नवीन साहू, हिमांशु वैष्णव, तिलक सिन्हा, मयूर तेजवानी, लोकेश लाडेकर, प्रणय अन्द्रसकर, आयुश जैन, सागर हरिहारनों, अभिषेक गोलछा, अंकित श्रीवास्तव, भुपेन्द्र जायसवाल, नितिन देशमुख, रमेश सोनी, संगम सोनी, संजीव देवांगन, विजयभूषण साहू, विनोद पाण्डे, आकाश अग्रवाल, अमीर अब्बासी, चन्द्रकांत साहू, देवेश राठौड़, जय राठी, मोहम्मद सोहेल खान, पूरब गौतम अवचट, सुश्री रितु साहू, शशांक वानखेड़े, शिशिर यादव, स्वप्नील श्रीवास्तव, तुषार पाटिल, वर्धमान छाजेड़ व अंकेश सिन्हा को ब्लेकलिस्टेट कर भवन अनुज्ञा आवेदन हेतु प्रतिबंधित किया गया है।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन दिल्ली की टीम ने फाईलेरिया रोधी सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की अभी तक की प्रगति पर संतुष्टि जाहिर की

राजनांदगांव (दावा)। जिले में फाईलेरिया पर नियंत्रण को लेकर 10 से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों एवं गर्भवती माताओं तथा गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी नागरिकों से घर के सदस्यों एवं पड़ोसियों को फाइलेरिया की दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं को दवा के सेवन से मना करने वाले परिवारों को समझाने एवं अभियान की जानकारी देने कहा है तथा संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिए है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ ने बताया कि फाईलेरिया पर नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 10 से 15 फरवरी 2024 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जा चुका है। जिसमे कुल जनसंख्या का लगभग 64 प्रतिशत नागरिकों ने बूथ में स्वयं आकर दवा सेवन किया है। 16 से 24 फरवरी तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंट कर दवा सेवन कराया जा रहा है। जिसमे अब तक घर-घर भ्रमण में 20 प्रतिशत नागरिकों को द्वारा सेवन कराया गया है। अब तक कुल बूथ एवं घर-घर भ्रमण में 84 प्रतिशत नागरिकों ने दवा सेवन कर कर लिया है। 26 से 28 फरवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह दवा अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर बनी हैं और पूरी तरह सुरक्षित है। दवा जब अपना कार्य शुरू करती है, तो कुछ देर के लिए जी मितलाना, सर दर्द या चक्कर आना जैसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है, जो कुछ ही दे में स्वतः समाप्त हो जाती है। यह दवा के सकारात्मक प्रभाव है एवं यह परजीवी के मरने के शुभ संकेत है। उन्होंने बताया कि अभियान में अभी तक ऐसा कोई भी गंभीर मामला सामने नहीं आया है एवं दवा के सेवन के लिए जनसामान्य में जागरूकता है।

## फाईलेरिया की दवा पूर्ण सुरक्षित

फाईलेरिया पर नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में चल रहे दवा सेवन कार्यक्रम का निरीक्षण डब्ल्यूएचओ दिल्ली की टीम द्वारा किया गया। जिसमें संयुक्त निदेशक एनव्हीबीडीसीपी भारत सरकार डॉ. छवि पन्त जोशी, सलाहकार तकनीकी सहायता इकाई एनव्हीबीडीसीपी भारत सरकार डॉ. अतुल मित्तल, प्रतिनिधि डब्ल्यूएचओ डॉ. राजेंद्र सिंह, राज्य कार्यालय से राज्य सलाहकार डॉ. चिन्मय दास एवं राज्य सलाहकार पीसीआई मुमताज अंसारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा जिले कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बधाई दी गई और कार्य की सराहना की गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, जिला सलाहकार श्रीमती संगीता पाण्डेय और वीडियो कार्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला तथा विकासखंड डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव के स्वास्थ्य विभाग की टीम को प्रोत्साहित करते हुए उनके द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बधाई दी।

# वर्षो से किराये में निवासरत परिवारों का स्वयं के आवास का सपना हो रहा साकार



० मोर मकान मोर आस के तहत लाटरी के माध्यम से 11 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन
० अब तक 95 परिवारों को मिला स्वयं का आवास

राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना सकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर आज दिनांक 23 फरवरी को नगर निगम सभागृह में डिप्टी कलेक्टर गौतम पाटिल, उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी यू.के.रामटेके, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 11 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 84 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।

नोडल अधिकारी श्री रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 803 आवेदन प्राप्त हुये थे, प्राप्त आवेदन में से पात्र 449 आवेदकों की सूची जारी की गयी थी। जिनमें राशि जमा उपरांत पूर्व में 84 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया था और आज 11 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा रहा है। इसके अलावा उपरोक्त पात्र सूची में से आवेदकों द्वारा परियोजना अनुरूप राशि जमा किये जाने उपरांत 10 या 10 से अधिक हितग्राही पाये जाने पर लाटरी की प्रक्रिया कर निरंतर आवास आबंटन किया जायेगा।

श्री रामटेके ने बताया कि रेवाडीह में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 3, मोहारा में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 7, लखोली में निर्माणाधीन 272 अपूर्ण आवास में 1 इस प्रकार कुल 11 हितग्राही के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ।

# आयुक्त प्रातः श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई निरीक्षण हेतु पहुंचे



0 समय से नहीं पहुंची स्वच्छता दीदी, एक दिन का वेतन काटने आयुक्त ने दिये निर्देश
0 सांईस कालेज में खेल मैदान निर्माण में तराई नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस

राजनांदगांव(दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ प्रत्येक दिन प्रातः वार्डो में सफाई व्यवस्था के साथ साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। निरीक्षक की कडी में आज श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र राजीव नगर व शिव नगर में भ्रमण कर राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर की स्वच्छता दीदी द्वारा समय में कार्य पर उपस्थित नहीं होने पर नराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को दिये।

उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मी प्रातः समय में उपस्थित होकर निर्धारित समय तक कार्य करेंगे तथा अनुपस्थिति पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। शिव नगर में सड़क सफाई के दौरान लापरवाही पर सफाई कर्मी को फटकार लगाकर नोटिस जारी करने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता राजीव नगर सुलभ शौचालय का मरम्मत एवं साफ सफाई कर चालू कराने के निर्देश प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को दिये। साथ ही राजीव नगर में अधुरे उद्यान निर्माण पर तथा सांईस कालेज में खेल मैदान निर्माण में तराई नही करने पर दोनों काम के ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। राजीव नगर में नाली निर्माण कार्य देख कहा कि चुकि बस्ती की गली में नाली बनाया जा रहा है इस लिये कार्य में तेजी लाकर नाली निर्माण जल्द पूर्ण करे, जिससे पानी निकासी के साथ साथ आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अधुरे काम जल्द चालू कराये ठेकेदारों को नोटिस जारी करें। चालू कार्य में गति लाकर समय में कार्य पूर्ण करावे।

आयुक्त श्री गुप्ता तीसरे चरण के विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये राजीव नगर सामुदायिक भवन के सामने मैदान का निरीक्षण कर पंडाल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता अनिवेष चंद्राकर व तिलक राज ध्रुव, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी उपस्थित थे।

# खेल जीवन के लिए एवं जीवन के लिए खेल जरूरी है - सांसद पांडे



राजनांदगांव (दावा)। **सर्वेश्वर दास म्युनिसिपल हाईस्कूल में नीलू फैंस क्लब व संयम क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन टेनिसबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे व सम्मानीय अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेतागण खूबचंद पारख, महामंत्री रामजी भारती, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पार्षद शिव वर्मा, महेन्द्र वैष्णव व आयोजन समिति के संरक्षक भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा के कर कमलों से संपन्न हुआ।**

सांसद पांडे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी है और हर इसांन को खेल खेलना चाहिए वह खेल कोई भी हो। वैसे राजनांदगांव संस्कारधानी नगरी है, यहां की हांकी और झांकी पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। सीमित संसाधनों के बीच इस प्रकार का आयोजन होना ही बहुत बड़ी उपलब्धि है। खिलाड़ियों को हमेशा खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए और अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करना चाहिए। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र हंसा ने बताया कि कल का पहला उद्घाटन मैच किंग्स इलेवन नंदई विरूद्ध कोबरा फाइटर के मध्य खेला गया जिसमें कोबरा फाइटर ने निर्धारित 8 ओवर की मैच में शानदार 59 रनो से जीत दर्ज कर अगले राउंड में प्रवेश किया है। उक्त मैच में मैन आफ द मैच का पुरस्कार बाबी को प्रदान किया गया। यह प्रतियोगिता लीग पद्धति के आधार पर आयोजित है जिसमें प्रतिदिन 5 मैच खेला जाना है।

# अर्जुनी में पीएम लाइव कार्यक्रम में प्रशासन की दिखी उदासीनता

## आधे से अधिक कुर्सियां रही खाली, कार्यक्रम में बंटे पूर्व सीएम बघेल के पॉम्पलेट

डोंगरगांव (दावा)। जनपद क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी में विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के तहत वर्चुअल लोकार्पण का कार्यक्रम शनिवार 24 फरवरी को आयोजित किया गया। इस आयोजन में डोंगरगांव से लेकर डोंगरगढ़ तक लगे सोलर प्लांट का लोकार्पण और जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सोलर प्लांट का लोकार्पण कर अपना उद्बोधन दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में हर भारतीय का नाम ऊंचा हो इसके लिए मैने स्वयं को खपा दिया। इस दौरान उन्होंने आवास, मुक्त राशन, मुक्त इलाज, सस्ती दवाई, हर घर टायलेट, हर घर जल सहित अनेक योजनाओं का बखान किया और छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं को बधाई दी।

प्रधानमंत्री के ऑनलाईन आने के पूर्व क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा इस बड़े सोलर पार्क का उद्घाटन किया गया जो राजनांदगांव के लिए गर्व का विषय है। यह सोलर पार्क दुर्ग से चार गुना बड़ा है और अभी-अभी सीआरसी





बिल्डिंग दिया गया है, आगामी दो दिनों बाद फिर से डोंगरगढ़ और राजनांदगांव में अमृत स्टेशन भी देने वाले और इस डोंगरगांव क्षेत्र से हैदराबाद एक्सप्रेस वे भी गुजरने वाली है जो हम सब के लिए लाइफ लाईन होगी। एक पत्रकार के सवाल पर डोंगरगांव क्षेत्र में रेल्वे लाईन के लिए चर्चा करने की बात कही।

वहीं प्रशासन की उदासीनता के चलते इस भव्य कार्यक्रम का ना तो व्यापक प्रचार प्रसार किया गया और ना ही भाजपा नेताओं के द्वारा इसकी जानकारी आमजनों को दी गई, जिसके चलते शासन की इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का लाभ अधिक लोगों को नहीं मिल पाया। भीड़ जुटाने के लिए पंचायतों को निर्देशित किया गया था, बावजूद इसके कार्यक्रम में 12 बजे तक आधे से अधिक कुर्सियां खाली रही, इधर आमजनों से आधी कुर्सियों को भरने के लिए एसडीएम और तहसीलदार सहित सीईओ तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### पीएम के कार्यक्रम में बंटे पूर्व सीएम बघेल के पॉम्पलेट

डोंगरगाँव जनपद क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी में आनन-फानन में हुए संवाद और लोकार्पण कार्यक्रम में अन्य विभाग के स्टॉलों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा अभिकरण के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल लगाकर जानकारी दी जा रही थी, जिसमें यहाँ पहुंचने वाले जनसामान्य को पॉम्प्लेट और पुस्तिका का वितरण किया जा रहा था। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फोटो के साथ योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी जिसे लेकर कुछ मीडियाकर्मियों ने इस पर शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण किया और कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत की गई, तब कहीं जाकर इस पाम्पलेट का वितरण रूकवाया गया लेकिन इस स्टॉल में सैकड़ों पाम्पलेट पूर्व में लोगों के पास पहुंच चुका था और इस दौरान मौके पर सभी विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे लेकिन इस लापरवाही पर किसी की नजर नहीं गई।

# मनगटा के समीप दिखा भालू, वन विभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा



राजनांदगांव (दावा)। गर्मी शुरू होते ही जंगल से वन्य पशु पानी की खोज में रिहायसी बस्ती के करीब आने लगे है। वन चेतना केन्द्र मनगटा के समीप मुड़ीपार के पास बने पहाड़ी मंदिर के ईद-गीर्द विचरण करते भालू को देखा गया। वन विभाग को जानकारी मिलते ही शनिवार को एक बजे उसे रेस्क्यू कर पकड़ा गया।

बता दे कि राजनांदगांव के आउटर इलाके में एक जंगली सुअर भी बेखौफ विचरण कर रहा है। खूंखार हो चुके उस सुअर ने सप्ताह भर पहले लखोली संजय नगर क्षेत्र के बांडी में रहने वाली सोनकर महिला पर हमला कर दिया और उसके हाथ को नोच खाया। सुअर द्वारा अपनी पत्नी पर हमला होते देख पति घनश्याम सोनकर उसे रापा लेकर बचाने के लिए दौड़ा तो सूअर ने उस पर ही हमला कर दिया व उसके जांघ को काट खाया। वन विभाग उस जंगली सुअर को पकड़ने के लिए अभी तक दिलचस्पी नहीं दिखा पाया है। इधर मनगटा, मुड़ीपार के समीप पहाड़ी मंदिर के पास विचरण कर रहे भालू को पकड़ने वन-विभाग ने तत्परता दिखाई। चौहान क्रेशर एवं दीपक चांवला के क्रेशर खदान के बीच विचरण कर रहे भालू को वन-विभाग की टीम ने ट्रेक लाइमार से बेहोश कर पकड़ा। बताया जाता है कि भालू का वजन बहुत ज्यादा था जिसे आठ-दस लोगों ने उठाकर गाड़ी में डाला फिलहाल उक्त क्षेत्र में विचरण कर रहे भालू से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में पहली बार भालू आया है। वन-विभाग की टीम भालू को लेकर चली गई है।




# अभिषेक सिंह के सांसद बनने से लोकसभा क्षेत्र का विकास होगा - मनोज निर्वाणी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के झुगी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से निवेदन किया है कि आगामी लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के लिए अभिषेक सिंह को प्रत्याशी बनाया जाए, जिससे पूरी लोकसभा क्षेत्र विकास पथ पर अग्रसर हो सके।

श्री निर्वाणी ने कहा कि इसके पूर्व जब विगत 2014 से 19 तक इस क्षेत्र के सांसद अभिषेक सिंह थे तब सर्वाधिक राजनांदगांव लोकसभा का विकास हुआ था। ऊर्जावान सांसद के रूप में अभिषेक सिंह ने न केवल दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण किया बल्कि मेडिकल कॉलेज एवं कवर्धा क्षेत्र का संपूर्ण विकास किया था, पूरे लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय एवं हॉकी स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप देने का कार्य तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह ने किया था, कई ट्रेनों का स्टॉपेज भी अभिषेक सिंह की आवाज के माध्यम से हुआ था, पूरे भारत में फ्लाईओवर को ऊपर उठाने का कार्य भी अभिषेक सिंह के प्रयासों के कारण सिर्फ राजनांदगांव में ही हुआ। पूरे लोकसभा की संसदीय सड़कों का कायाकल्प बायपास रोड 100 बिस्तर अस्पताल इत्यादि कई उपलब्धियां अभिषेक सिंह ने अपने कार्यकाल में तय की थी। जनसंघ से जुड़े हुए रामकृष्ण निर्वाणी के सुपुत्र मनोज निर्वाणी ने अपनी लोकसभा में दावेदारी प्रस्तुत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के संगठन मंत्रियों से मुलाकात की थी और अपनी दावेदारी पेश की थी परंतु मनोज निर्वाणी ने कहा कि जब उन्होंने अभिषेक सिंह के विकास कार्यों का विश्लेषण किया तो पाया कि अगर पुनः उन्हें संसद का मौका दिया जाए तो पूरे लोकसभा क्षेत्र का विकास होगा इसलिए वे ऐसे ऊर्जावान नेतृत्व के धनी अभिषेक सिंह के पक्ष में अपनी दावेदारी वापस लेते हैं।

# मुनि श्री समय सागर जी महाराज होंगे विद्यासागर जी महाराज के उत्तराधिकारी, 17 साल की उम्र में ली दीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के ब्रह्म लोक गमन के बाद मुनि श्री समय सागर जी महाराज उत्तराधिकारी बनाए गए हैं. समय सागर जी महाराज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के भाई हैं. महाराज ने अपने देवलोक गमन से पहले ही अपना पद त्याग दिया था. महाराज ने देव लोक गमन से पहले ही अपने उत्तराधिकारी की भी घोषणा कर दी थी. चंद्रगिरी पर्वत पर 25 फरवरी को विनयांजलि सभा का आयोजन किया जाना है.

समय सागर जी महाराज होंगे उत्तराधिकारी- आचार्य विद्यासागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के भाई मुनि श्री समय सागर जी महाराज अब आचार्य बनेंगे. समय सागर जी महाराज को दमोह के कुंडलपुर में उत्तराधिकार का पद दिया जाएगा. समय सागर जी महाराज को खुद आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने दीक्षा दी थी. डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी पर्वत पर श्री समय सागर जी महाराज ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज को नमन किया और अस्थि कलश के दर्शन किए.

**17 की उम्र में ली दीक्षा:** मुनि श्री समय सागर जी महाराज की वर्तमान में आयु 65 साल है. 17 साल की आयु में ही समय सागर जी महाराज ने जैन धर्म की दीक्षा ले ली. आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के छोटे भाई हैं समय सागर जी महाराज. कर्नाटक के बेलगाम में जन्म हुआ. आचार्य श्री की तरह इनकी रुचि भी बचपन से ही धर्म और कर्म की रही. बचपन में माता पिता ने इनका नाम शांतिनाथ जैन रखा था. जैन धर्म की दीक्षा लेने पर इनका नाम श्री समय सागर जी महाराज हो गया. छह भाई बहनों में समय सागर जी महाराज सबसे छोटे रहे. समय सागर जी महाराज ने सबसे पहले जैन धर्म में जो झुल्लक दीक्षा होती है उसे ग्रहण किया. महाराज ने इसके बाद एकल दीक्षा छतरपुर में ली. छतरपुर में ही महाराज ने मुनि दीक्षा हासिल की. मुनिश्री समय सागर जी महाराज अब जैन समाज के संत सिरोमणि यानि आचार्य का पद लेंगे.




# श्रीमती ज्योति बेन भीमजियानी के निधन के पश्चात नेत्रदान कर दो परिवारों को दी नई रौशनी



## नवदृष्टि फाउंडेशन की पहल

राजनांदगांव (दावा)। ज्योति बेन के निधन के पश्चात पति जय कुमार भीमजियानी, पुत्र दिगेश व कल्पेश, बहू भाविका, भावना, जिगर, हिरल, ऐश्वर्य, हिमांशु ने आपसी सहमति से नेत्रदान का निर्णय लिया व शैलेश गणात्रा, मनीष साहिता, तरुण आडतिया, दिव्या नगदिया, लितेश राजा, कीर्ति भोजानी, इलेश भोजानी के सहयोग से नेत्रदान सम्पन्न हुआ।

राजनांदगाव मेडिकल कॉलेज के डॉ. सौम्या डुलानी, डॉ. केशव कुमार होता, डॉ. गीतांजलि, डॉ.स्वाति, डॉ. शुभांगी सुरवाड़े, नेत्र सहायक संजीव यादव ने कॉर्निया कलेक्ट किये। तरुण आढ़तिया ने कहा ज्योति बेन लोहाणा समाज की वरिष्ठ सदस्या थी और सदा लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहती थी। समाज के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहती थी एवं उनके नेत्रदान से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा व लोग नेत्रदान हेतु प्रेरित होंगे। दिगेश भीमजियानी ने कहा उनकी माँ जब तक जीवित रही लोगों की सेवा की जरुरतमंद लोगों की सहायता करती थी और इस दुनिया से जाने के बाद नेत्रदान के माध्यम से दो लोगों का जीवन संवार गई। दिगेश भीमजियानी ने आज मां के नेत्रदान कर हमारे परिवार को संतुष्टि है और उनके जाने से परिवार दुखी है, किन्तु नेत्रदान के निर्णय से हम सब प्रेरणा लेंगे। नवदृष्टि फाउंडेशन ने भीमजियानी परिवार को साधुवाद दिया।



















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com